**Series Z1YXW/5**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 3/5/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें । *

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । खण्ड अ में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और खण्ड ब में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii) **खण्ड अ** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv) **खण्ड ब** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ
## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

एशिया के उच्च पर्वतीय क्षेत्र को सेंट्रल एशियन माउंटेन रीजन भी कहा जाता है । इसमें हिमालयन, कराकोरम और हिंदुकुश पर्वत शृंखलाएँ आती हैं जो चीन से लेकर अफगानिस्तान तक फैली हैं । इस क्षेत्र में करीब 55 हजार हिमनद हैं, जिनमें पेयजल का जितना भंडार है उतना उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के अतिरिक्त पृथ्वी पर एक साथ पेयजल कहीं नहीं है । इन हिमनदों से पिघला हुआ जल एशिया की दस सबसे बड़ी नदियों को जीवन देता है, जिन पर करीब दो करोड़ लोगों की आबादी निर्भर रहती है ।

बढ़ते तापमान की वजह से इन सभी पर ख़तरा मंडरा रहा है । संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यानी यूएनडीपी के मुताबिक शेष दुनिया के मुकाबले हिमालयी क्षेत्र में तापमान करीब दोगुनी रफ़्तार से बढ़ रहा है जिसकी वजह से पर्वतों पर जमी बर्फ पिघल रही है और बर्फबारी हो रही है । यदि समय रहते वैश्विक तापमान में लगभग 1·5 फीसदी की कमी नहीं की गई तो इस शताब्दी के अंत तक दक्षिण एशिया के पहाड़ों पर जो बर्फ जमा है, उसका आधा या फिर दो-तिहाई हिस्सा गायब हो जाएगा ।

पिघलते हिमनदों की वजह से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है । पिछले साल भारत ने गंगा नदी पर नए पनबिजली संयंत्रों के निर्माण पर रोक लगा दी थी, ताकि निचले इलाकों में नदियों के पानी के बहाव को बनाए रखा जा सके और नदियाँ सूखने न पाएँ । ग्लेशियरों के पिघलने की दर को कम करने के तरीके ढूँढ़ने के बावजूद तमाम वैज्ञानिक भविष्य को लेकर बहुत चिंतित हैं । जीवाश्म-ईंधनों के जरिए लोग उन गैसों को वायुमंडल में छोड़ते हैं जो पृथ्वी के चारों ओर ग्रीनहाउस की तरह काम करती हैं और धरती गर्म होने लगती है । कोयला, तेल और गैस जलाने पर कालिख और पार्टिकुलेट मैटर छोड़ते हैं । हवा के जरिए ये प्रदूषक बर्फ पर जम जाते हैं और बर्फ तेजी से गर्म होकर पिघलने लगती है ।

(i) सेंट्रल एशियन माउंटेन रीजन कहाँ है ?

(a) ऑस्ट्रेलिया में

(b) अफ्रीका में

(c) साऊथ अमेरिका में

(d) एशिया में

(ii) विश्व में सर्वाधिक पीने योग्य जल का भंडार कहाँ उपलब्ध है ?

(a) नदियों में

(b) दोनों ध्रुवों पर

(c) हिमालय पर

(d) हिंदुकुश पर्वत पर

(iii) जीवनदायिनी नदियों पर ख़तरे के बादल क्यों मंडरा रहे हैं ?

(a) तापमान में वृद्धि के कारण

(b) जनसंख्या वृद्धि के कारण

(c) अज्ञानता के कारण

(d) वैमनस्यता के कारण

(iv) गंगा नदी पर नए पनबिजली संयंत्रों के निर्माण पर प्रतिबंध क्यों लगाना पड़ा ?

(a) नदियाँ प्रदूषित न हों

(b) वर्षा समय पर हो

(c) बाढ़ को रोका जा सके

(d) नदियों का प्रवाह बना रहे

(v) गद्यांश के आधार पर ग्लेशियरों को पिघलने से कैसे रोका जा सकता है ?

(a) जल प्रदूषण में कमी लाकर

(b) जीवाश्म ईंधनों का सीमित प्रयोग कर

(c) प्लास्टिक पर रोक लगाकर

(d) विकास कार्यों पर लगाम लगा कर

**2.** निम्नलिखित पद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किसी ***एक*** पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :

(I) क्या रोकेगी मुझे विषमता, क्या झंझाओं के नर्तन । *5×1=5*

मुझ पथिक को कब रोक सके हैं, जीवन के उत्थान-पतन ।।

मैं गति का हूँ राजा,
मेरे रुके आज तक नहीं चरण ।
शूलों के बदले फूलों का,
किया न मैंने कभी चयन ।

मैं विपदाओं में मुसकाता नव आशा के दीप लिए,
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे, ये तूफ़ानों के गर्जन ।।

मुझे झुलाता आया युग से,
लहरों का भीषण कंपन ।
मेरी श्वास छिपाए फिरती,
ज्वालामुखियों की धड़कन ।

मैं बढ़ता अविराम निरंतर, चाहों का उन्माद लिए,
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे, कटु बाधाओं के बंधन ।।

मैं अटका कब, कब भटका मैं,
सतत डगर मेरा संबल ।
बाँध सकी पगले कब मुझको,
यह युग की प्राचीर निबल ।

आँधी हो, ओले-वर्षा हो, राह सुपरिचित है मेरी,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये विद्युत-कंपन नर्तन ।।

मैं चिंतित कब, कब कंपित मैं,
देख विषमता का संगम ।
चिर प्रवाह का नूतन गायक,
युग-युग का उन्मुख सरगम ।

देख चुका हूँ मैं कितने ही, भू-कंपों के सकल निपात,
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे, ये जग के खंडन-मंडन ।।

(i) जीवन के उतार-चढ़ाव किसके बाधक नहीं बन सकते ?
- (a) पथिक
- (b) विद्यार्थी
- (c) राजा
- (d) नागरिक

(ii) आँधी-तूफ़ान-विपदाएँ आगे बढ़ने वाले को रोकने में सफल नहीं हो सकती, क्योंकि
- (a) वह आँधी-तूफ़ान से ज्यादा सक्षम है ।
- (b) आँधी-तूफ़ान-विपदाएँ दिखावटी हैं ।
- (c) वह आशा के दीप लिए मुस्कुराता रहता है ।
- (d) उसे आँधी-तूफ़ान झेलने की आदत हो गई है ।

(iii) ‘शूलों के बदले फूलों का,
किया न मैंने कभी चयन ।’

उपर्युक्त पंक्तियों का भाव है :

(a) वह तो निरंतर आगे बढ़ने में विश्वास रखता है ।

(b) उसे कँटीले मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना पसंद है ।

(c) उसने कठिन बाधाओं के बंधन तोड़ना सीखा है ।

(d) वह तूफ़ानों के बीच चलकर आगे बढ़ता है ।

(iv) ‘मैं चिंतित कब, कब कंपित मैं,
देख विषमता का संगम ।’
पंक्तियों के संदर्भ में लिखिए कि कवि किनसे चिंतित नहीं होता ?

(a) हारने की आशंका से

(b) विपरीत परिस्थितियों से

(c) रोड़े-पत्थरों से

(d) अपरिचित राहों से

(v) दिए गए कथनों को पढ़कर इस प्रश्न के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

पथिक की राह में कौन-कौन रोड़े हैं ?

I. तूफ़ानों के चक्रवात

II. कठोर बाधाएँ

III. बिजलियों का कंपन

IV. बर्फ़ीली हवाएँ

***विकल्प :***

(a) I, II, IV

(b) I, II, III

(c) I, III, IV

(d) II, III, IV

**अथवा**

(II) हाथ हैं दोनों सधे-से $5\times1=5$
गीत प्राणों के रुँधे-से
और उसकी मूठ में, विश्वास
जीवन के बँधे-से

धकधकाती धरणि थर थर
उगलता अंगार अंबर
भुन रहे तलुवे, तपस्वी-सा
खड़ा वह आज तन कर

शून्य-सा मन, चूर है तन
पर न जाता वार खाली
चल रही उसकी कुदाली ।

वह सुखाता खून पर-हित
वाह रे साहस अपरिमित
युगयुगों से वह खड़ा है
विश्व-वैभव से अपरिचित

जल रहा संसार धू-धू
कर रहा वह वार कह 'हूँ'
साथ में समवेदना के
स्वेद-कण पड़ते कभी चू

कौन-सा लालच ? धरा की
शुष्क छाती फाड़ डाली
चल रही उसकी कुदाली ।

भूमि से रण ठन गया है
वक्ष उसका तन गया है
सोचता मैं, देव अथवा
यंत्र मानव बन गया है

शक्ति पर सोचो ज़रा तो
खोदता सारी धरा जो
बाहुबल से कर रहा है
इस धरणि को उर्वरा जो

(i) और उसकी मूठ में, विश्वास — इस वाक्य में 'उसकी' संबोधन किसके लिए आया है ?

(a) संपन्न वर्ग
(b) शोषक वर्ग
(c) युवा वर्ग
(d) श्रमजीवी वर्ग

(ii) किसान-मज़दूर को तपस्वी-सा क्यों कहा है ?

(a) उनके शरीर धूल-मिट्टी से लथपथ होने के कारण
(b) विपरीत परिस्थितियों में भी तन कर खड़ा होने के कारण
(c) धूप में पसीना बहाने के लिए प्रेरित होने के कारण
(d) हिमालय के पहाड़ों पर तपस्या में लीन होने के कारण

(iii) कवि ने किसान-मज़दूर के साहस को अपरिमित क्यों कहा है ?

(a) विश्व-वैभव से अपरिचित होने के कारण
(b) दूसरों के लिए अपना सर्वस्व लुटाने के कारण
(c) निरंतर कुदाली चलाने के कारण
(d) युगयुगों से खड़ा होने के कारण

(iv) किसान-मज़दूरों ने धरती को उपजाऊ कैसे बनाया ?

(a) आधुनिक तकनीक द्वारा
(b) रासायनिक उर्वरक डालकर
(c) पूरी शक्ति से खुदाई करके
(d) जैविक खाद का प्रयोग करके

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन (A) :* किसान-मज़दूर देवता या मशीनी-मानव तुल्य है ।

*कारण (R) :* अग्नि-से जलते धरती-अंबर के बीच वह सीना तान युगयुगों से परिश्रम कर रहा है ।

(a) कथन (A) ग़लत है, किंतु कारण (R) सही है ।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही ग़लत हैं ।
(c) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
(d) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का कौन-सा उदाहरण है ?

(a) कविता यह भी रेखांकित करती है कि प्रकृति और मनुष्य के सहयोग से ही सृजन संभव है ।

(b) नागार्जुन ने छंदों में काव्य-रचना की और मुक्तक में भी की ।

(c) वे वास्तविक अर्थों में जनकवि हैं ।

(d) वे व्यंग्य में माहिर हैं इसलिए उन्हें आधुनिक कबीर भी कहा जाता है ।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है :

(a) नागार्जुन का जन्म बिहार में हुआ ।

(b) अध्ययन के लिए वे बनारस और कलकत्ता गए ।

(c) 1936 में वे श्रीलंका गए और वहीं बौद्ध धर्म में दीक्षित हुए ।

(d) नागार्जुन ने अनेक बार संपूर्ण भारत की यात्रा की ।

(iii) निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य क्या होगा ?

'जो नागार्जुन थे उन्होंने कविता के साथ-साथ अन्य गद्य विधाओं में भी लेखन किया ।'

(a) नागार्जुन ने कविता के साथ-साथ अन्य गद्य विधाओं में भी लेखन किया ।

(b) नागार्जुन कविता लिखते थे और उसके साथ-साथ अन्य गद्य विधाओं में भी लेखन करते थे ।

(c) नागार्जुन कविता तो लिखते ही थे लेकिन उसके साथ-साथ अन्य गद्य विधाओं में भी लेखन करते थे ।

(d) नागार्जुन ऐसे लेखक थे जो कविता के साथ-साथ अन्य गद्य विधाओं में भी लेखन करते थे ।

(iv) निम्नलिखित वाक्य में से रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए :

वे लंबी दाढ़ी तो नहीं रखते थे किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से जगमग किए रहता ।

(a) संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(b) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य

(c) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(d) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य

(v) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद है :

इस सुंदरता की व्याप्ति ऐसी है कि कठोर से कठोर मन भी पिघल जाए ।

(a) प्रधान उपवाक्य

(b) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य

(c) संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(d) विशेषण आश्रित उपवाक्य

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित वाक्य का वाच्य-भेद कौन-सा है ?

"यह कविता हमें कृषि-संस्कृति के निकट ले जाती है ।"

(a) कर्मवाच्य

(b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य

(d) मुख्यवाच्य

(ii) "नागार्जुन द्वारा छंदों और मुक्त छंद में रचना की गई ।" इस वाक्य में वाच्य-भेद है :

(a) कर्तृवाच्य

(b) भाववाच्य

(c) मुख्यवाच्य

(d) कर्मवाच्य

(iii) निम्नलिखित वाक्य का कौन-सा वाच्य-भेद है ?
"अब उससे चला भी नहीं जाता ।"

(a) कर्मवाच्य

(b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य

(d) मुख्यवाच्य

(iv) "शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था ।" इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप होगा :

(a) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों से रगों में बहता खून लावे में बदल रहा है ।

(b) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों से रगों में बहता खून लावे में बदला जाएगा ।

(c) शीला अग्रवाल ने जोशीली बातें की और रगों में बहता खून लावे में बदल गया ।

(d) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों द्वारा रगों में बहता खून लावे में बदल दिया गया ।

(v) निम्नलिखित वाक्य में कौन-सा वाक्य भाववाच्य में है ?

(a) उन पर विशेष प्रभाव डाला गया ।

(b) अंग्रेज़ी का ज्ञान भी अर्जित किया गया ।

(c) निराला रचनावली में संपूर्ण साहित्य प्रकाशित किया गया है ।

(d) उनसे और नहीं सहा जाता ।

**5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित वाक्य के पाँच रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** के पद-परिचय के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

वे कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते हैं ।

(i) वे

(a) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

(b) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(c) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन (आदरार्थ), पुल्लिंग, कर्ता कारक

(d) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(ii) कुछ

(a) परिमाणवाचक विशेषण, फूल विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

(b) अनि. संख्यावाचक विशेषण, फूल विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

(c) गुणवाचक विशेषण, फूल विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

(d) गुणवाचक विशेषण, फूल विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

(iii) हमेशा

(a) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'रोपते' क्रिया का विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन

(b) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'रोपते' क्रिया का विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन

(c) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'रहते' क्रिया का विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन

(d) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'रहते' क्रिया का विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन

(iv) ही

(a) निपात, 'हमेशा' पर बल दे रहा है

(b) निपात, 'रहने' पर बल दे रहा है

(c) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'बल दे' क्रिया का विशेषण

(d) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'बल दे' क्रिया का विशेषण

(v) रोपते

(a) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(b) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य

(c) सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल, कर्मवाच्य

(d) सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "सुबरन को ढूँढ़त फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर ।" — प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है :

(a) अतिशयोक्ति

(b) मानवीकरण

(c) उत्प्रेक्षा

(d) श्लेष

(ii) "तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा ।
बार-बार मोहि लागि बुलावा ।।" — प्रस्तुत पंक्तियों में अलंकार है :

(a) अतिशयोक्ति
(b) उत्प्रेक्षा
(c) श्लेष
(d) मानवीकरण

(iii) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से किसमें श्लेष अलंकार का प्रयोग हुआ है ?

(a) मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं
(b) चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं नभ तल में
(c) बीथिन में ब्रज में नबेलिन में बेलिन में
बनन में बागन में नगर्‌यौ बसंत है
(d) मदन महीप जू को बालक वसंत ताहि
प्रातहि जगानत गुलाब चटकारी दै

(iv) "हरसाया ताल लाया पानी परात भर के" — प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है :

(a) अतिशयोक्ति
(b) उत्प्रेक्षा
(c) श्लेष
(d) मानवीकरण

(v) "आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार ।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ।" — प्रस्तुत पंक्तियों में अलंकार है :

(a) मानवीकरण
(b) अतिशयोक्ति
(c) उत्प्रेक्षा
(d) श्लेष

**7.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

पानवाला मुस्कराकर बोला – नहीं साब ! वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में । पागल है पागल ! वो देखो, वो आ रहा है । आप उसी से बात कर लो । फ़ोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं ।

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा । मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था । तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं ! फेरी लगाता है ! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए । पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं । ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था । काम भी था । हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए ।

(i) पानवाले ने देशभक्त का मज़ाक क्या कहकर उड़ाया था ? निम्नलिखित विशेषणों के आधार पर उचित विकल्प का चयन कर इस प्रश्न का उत्तर दीजिए :

I. लँगड़ा

II. बूढ़ा

III. पागल

IV. मरियल

***विकल्प :***

(a) I, II

(b) I, III

(c) I, IV

(d) II, IV

(ii) हालदार साहब अवाक् क्यों रह गए ?

(a) एक मरियल से बूढ़े आदमी को देखकर

(b) कल्पना से परे ‘कैप्टन’ नाम के विपरीत उसका हुलिया देखकर

(c) एक बूढ़े को लाठी पकड़े चश्मा लगाए गांधी जी के रूप में देखकर

(d) एक चश्मे वाले दुकानदार को इस रूप में देखकर

(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन (A) :* पानवाले ने अपने मित्र कैप्टन के बारे में अनुपयुक्त भाषा का प्रयोग किया ।

*कारण (R) :* पानवाले में संवेदनशीलता का अभाव था ।

(a) कथन (A) ग़लत है, किंतु कारण (R) सही है ।

(b) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) ग़लत है ।

(c) कथन (A) सही है और उसका कारण (R) भी सही है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(iv) 'फ़ोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं' — हालदार के सम्मुख पानवाले द्वारा कहा गया यह कथन चश्मे वाले के प्रति दर्शाता है, उसकी :

(a) संवेदना

(b) वेदना अनुभूति

(c) सहानुभूति

(d) व्यंग्यात्मकता

(v) ड्राइवर की बेचैनी का कारण था :

(a) देशभक्त कैप्टन में कोई रुचि नहीं होना

(b) भूख लगना और घर जाने की जल्दी

(c) उमस के कारण बेचैनी बढ़ना

(d) हालदार साहब को गंतव्य पर पहुँचाने की जल्दी

**8.** निम्नलिखित गद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) मानव की जो योग्यता उसे आत्म-विनाश की ओर ले जाती है वह है :

(a) संस्कृति

(b) असंस्कृति

(c) सभ्यता

(d) असभ्यता

(ii) बिस्मिल्ला खाँ को कुलसुम हलवाइन की कचौड़ी वाली दुकान पर जाना क्यों पसंद था ?

(a) उसकी कचौड़ियाँ बेहद स्वादिष्ट खस्ता होती थीं ।

(b) उसका कचौड़ी बनाने का अनूठा अंदाज़ था ।

(c) उसकी कचौड़ी का दाम बहुत वाज़िब था ।

(d) कचौड़ी तलते समय छन्न की आवाज़ में आरोह-अवरोह दिखता था ।

**9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

फ़सल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का !

(i) पद्यांश के आधार पर लिखिए कि फ़सल क्या है ।

(a) प्रकृति और मानव के श्रम का प्रतिफल

(b) खेतों में उगने वाला अन्न आदि

(c) नदियों के पानी का जादू आदि

(d) खेतों की मिट्टी से उपजा अन्न आदि

(ii) फ़सल उपजाने के उपजाऊ तत्त्व हैं :

(a) नदियों का जादू और मिट्टी

(b) हाथों के स्पर्श की महिमा

(c) सिमटा हुआ संकोच हवा की थिरकन का

(d) मिट्टी, पानी, सूर्य, हवा और श्रम

(iii) मिट्टी के 'गुण-धर्म' से क्या अभिप्राय है ?

(a) मिट्टी के भिन्न-भिन्न प्रकार

(b) मिट्टी के भिन्न-भिन्न रंग

(c) मिट्टी की विशेषताएँ जो फ़सल उगाती हैं

(d) अलग-अलग प्रदेशों की मिट्टी से है

(iv) 'हाथों के स्पर्श की महिमा है' — से कवि का क्या अभिप्राय है ?

(a) हाथों का प्यार पाकर फ़सल उगती है ।

(b) किसान का परिश्रम खेती को शस्य श्यामला बनाता है ।

(c) हाथों का महान स्पर्श सर्वोत्तम होता है ।

(d) हाथों के स्पर्श की महिमा का गुणगान होता है ।

(v) 'रूपांतर है सूरज की किरणों का' — का भाव है :

(a) सिमटा हुआ संकोच किरणों में समा जाता है ।

(b) सूरज की किरणों पर हवा थिरकती है और संकोच दूर होता है ।

(c) सूरज की किरणें हवा पर सवार हो नीचे आती हैं ।

(d) सूरज की ऊर्जा अन्न में परिवर्तित होकर हमें पोषित करती है ।

**10.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित ***दो*** बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) सूरदास के पद 'अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी' — से गोपियाँ क्या कहना चाहती हैं ?

(a) हम भोली हैं, चींटी और गुड़ हैं ।

(b) जैसे चींटी गुड़ ले जाते नहीं थकती, हम भी नहीं थकते ।

(c) चींटी गुड़ पर अपने प्राण त्याग देती है ।

(d) भोली गोपियाँ श्रीकृष्ण के प्रेम में डूबी हैं जैसे चींटी का गुड़ से प्रेम है ।

(ii) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' कविता के संदर्भ में शिव-धनुष टूटने की आवाज़ सुन परशुराम ने क्रोधित होते हुए पूछा कि धनुष किसने तोड़ा ? इसका उत्तर किसने और क्या दिया ?

(a) लक्ष्मण ने कहा कि शिव-धनुष उन्होंने ही तोड़ा है ।

(b) लक्ष्मण ने कहा कि शिव-धनुष राम ने तोड़ा है ।

(c) राम ने कहा कि शिव-धनुष तोड़ने वाला आपका कोई सेवक होगा ।

(d) राम ने कहा कि शिव-धनुष को भंग करने वाला और कोई नहीं मैं ही हूँ ।

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : $3 \times 2 = 6$

(क) 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'झूठी शान और दिखावे से अपना व्यक्तित्व ही धूमिल पड़ता है ।' इस कथन को 'लखनवी अंदाज़' कहानी के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'एक कहानी यह भी' के संदर्भ में लिखिए कि वर्तमान पड़ोस-कल्चर में किन बातों का अभाव दृष्टिगोचर होता है ।

(घ) बिस्मिल्ला खाँ शहनाई के लिए सर्वोच्च सम्मान पाकर भी नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते – 'मेरे मालिक एक सुर बख्श दे ।' — इससे उनकी कौन-सी दो विशेषताएँ उभरकर आती हैं ?

**12.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : $3 \times 2 = 6$

(क) 'आत्मकथ्य' कविता की पंक्ति – "यह विडंबना ! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं ।" — का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "वज्र छिपा नूतन कविता फिर भर दो – बादल गरजो" — 'उत्साह' कविता की इन पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहता है ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'अट नहीं रही है' — कविता में किसका वर्णन हुआ है और कवि ने उस सौंदर्य के बारे में क्या कहा है ?

(घ) 'संगतकार' कविता के आधार पर लिखिए कि मुख्य गायक के साथ संगतकार की भूमिका किन रूपों में होती हैं ।

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "माता के अँचल में जो सुकून मिलता है, और कहीं नहीं ।" कथन के संदर्भ में उदाहरण सहित अपने विचार लिखिए ।

(ख) "साना-साना हाथ जोड़ि" पाठ की लेखिका को लोंग स्टॉक में धर्म चक्र को देख कर संपूर्ण भारत की सोच एक जैसी क्यों प्रतीत हुई ? आपके विचार से अन्य कौन-सी बातों में भारत की आत्मा एक-सी प्रतीत होती है ?

(ग) "मैं क्यों लिखता हूँ" पाठ में वर्णित हिरोशिमा की घटना क्या थी ? पूरे विश्व को ऐसी घटनाओं से कैसे बचाया जा सकता है ?

**14.** दिए गए बिंदुओं के आधार पर किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×6=6*

(क) इंटरनेट : सूचनाओं की खान

- तकनीक का अद्‌भुत वरदान
- इंटरनेट क्रांति
- सूचना स्रोत
- प्रयोग के लिए सजगता

(ख) जब आवत संतोष धन, सब धन धूरि समान

- मानव इच्छाओं का कोई अंत नहीं
- संतोष धन ही सच्चा धन
- संतुष्टि और प्रसन्नता
- लालसा नियंत्रण

(ग) जब मैं नाटक के संवाद भूल गया/गई

- नाटक प्रस्तुति
- पहली बार मंच पर
- अध्यापिका/अध्यापक और मित्रों द्वारा उत्साहवर्धन
- सफलतापूर्वक समाप्ति और सराहना

**15.** (क) आप पवन/पावनी हैं । आप छुट्टियों में गुजरात घूमने का कार्यक्रम बना रहे/रही हैं । सरदार पटेल की प्रतिमा भी देखना चाहते/चाहती हैं । आपने जो कार्यक्रम बनाया है उसमें क्या सुधार हो सकता है, अपने चचेरे भाई को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर पूछिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप दीप्ति/दीप हैं । किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखकर नियमित स्कूल व्यवस्था पर लगभग 100 शब्दों में अपनी प्रसन्नता अभिव्यक्त कीजिए । *5*

**16.** (क) आप मानव/मानवी हैं । आपने बी.ए. की परीक्षा पास की है । साथ ही हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में टाइप करने का डिप्लोमा भी किया है । अपनी शैक्षणिक योग्यता और टंकण गति (टाइपिंग स्पीड) का उल्लेख करते हुए, अ ब स विद्यालय में लिपिक (टाइपिस्ट) के रिक्त पद के लिए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप प्रियंक/प्रियंका हैं । अपने विद्यालय के पुस्तकालय के लिए कक्षा 8 – 10 तक के सभी विषयों की पुस्तकें प्रकाशन-विभाग, एन.सी.ई.आर.टी. से मँगवाने हेतु लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**17.** (क) आपके भाई ने मिठाई की दुकान खोली है, उसके प्रचार के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) दीपावली पर अपनी मौसी के परिवार को लगभग 60 शब्दों में बधाई-संदेश भेजिए । *4*

Series Z1YXW/6

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड **3/6/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

| नोट : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

सामान्य निर्देश :

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड–'अ'** और **खंड–'ब'**। **खंड–'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खंड–'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

(iii) ***खंड 'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **49** है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

(iv) ***खंड–'ब'** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

(vi) *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कोलकाता भी दूसरे बड़े शहरों की तरह एक बड़ी नदी के किनारे बसा है । गंगा से निकली एक धारा ही है हुगली नदी । लेकिन दूसरे कई नगरों की तरह कोलकाता में नदी का बहाव एकतरफा नहीं है । हुगली ज्वारी नदी है और बंगाल की खाड़ी से उसका मुहाना 140 किलोमीटर की दूरी पर ही है । हर रोज ज्वार के समय समुद्र नदी के पानी को वापस कोलकाता तक ठेलता है । ज्वार और भाटे के बीच जल स्तर एक ही दिन में कई फुट ऊपर-नीचे हो जाता है ।

शहर के पश्चिम में बहने वाली हुगली नदी में कोलकाता अपना मैला पानी बहाकर उसे भुला नहीं सकता । नीचे बह जाने की बजाए क्या पता ज्वार के पानी के साथ अपशिष्ट पदार्थ वापस शहर लौट आएँ ? शहर के कुल मैले पानी का एक छोटा-सा हिस्सा ही हुगली में बहाया जाता है, वह भी चोरी-छिपे । इसका परिणाम यह है कि कोलकाता में हुगली अधिक दूषित नहीं है । लेकिन हर बड़े शहर को अपना मैला पानी फेंकने के लिए एक नदी चाहिए । तो फिर कोलकाता का मैला कहाँ जाता है ?

हुगली से उलटी दिशा में, शहर के पूरब में बहने वाली एक छोटी–सी नदी कुल्टीगंग में । पर नदी तक पहुँचने के पहले इस मैले पानी के बड़े हिस्से का उपचार होता है । कुल्टीगंग में गिरने वाला मैला पानी उतना दूषित नहीं होता है जितना वह शहर से निकलते समय होता है । यहाँ मैले पानी की सफाई का तरीका भी दूसरे शहरों से निराला है । कोई 30,000 एकड़ में फैले तालाब और खेत कोलकाता के कुल मैले पानी का दो–तिहाई हिस्सा साफ करते हैं । यही नहीं, इससे कई हजार लोगों को रोजगार मिलता है मैले पानी से मछलियाँ, सब्जियाँ और धान उगाकर ।

इसका एक कारण है यहाँ का अनूठा भूगोल, जो बना है गंगा के मुहाने पर होने वाले मिट्टी और पानी के प्राकृतिक खेल से । पता नहीं कब से गंगा की बड़ी धार यहाँ से बहकर बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती थी । पर यह संगम केवल गंगा और बंगाल की खाड़ी भर का नहीं रहा है । छोटी–बड़ी कई नदियों की कई धाराएँ हिमालय की मिट्टी गाद या साद के रूप में लाकर यहाँ जमा करती रही हैं । कह सकते हैं कि यहाँ हिमालय और समुद्र मिलते हैं ।

(i) कोलकाता में बहने वाली किन–किन नदियों का उल्लेख अनुच्छेद में हुआ है ? 1

(a) गंगा, कुल्टीगंग, यमुना
(b) गंगा, हुगली, उल्टीगंगा
(c) गंगा, यमुना, हुगली
(d) हुगली, गंगा, कुल्टीगंग

(ii) गद्यांश आधारित निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**कथन :**

(क) हुगली नदी में जल–स्तर ज्वार और भाटे के अनुरूप ऊपर–नीचे होता रहता है ।
(ख) कुल्टीगंग कोलकाता के पूरब में बहती है ।
(ग) कोलकाता की अधिकतर नदियाँ उलटी दिशा की ओर बहती है ।

**विकल्प :**

(a) कथन (क) सही है ।
(b) कथन (क) और (ख) सही हैं ।
(c) कथन (ख) और (ग) सही हैं ।
(d) कथन (ग) और (क) सही हैं ।

(iii) कुल्टीगंग में गिरने वाला कोलकाता का मैला पानी उतना दूषित क्यों नहीं होता ? 1

(a) क्योंकि वह पहले हुगली नदी में जाता है ।
(b) कोलकाता के लोग पानी मैला नहीं करते ।
(c) नदी में गिरने से पूर्व खेतों और तालाबों से उपचारित होता है ।
(d) क्योंकि कुल्टीगंग स्वयं ही गंदगी को उपचारित कर लेती है ।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए : 1

**कथन (A)** : कोलकाता के बगल में बंगाल की खाड़ी में हिमालय और समुद्र मिलते हैं ।

**कारण (R)** : यहाँ गंगा और अन्य नदियाँ मिट्टी गाद या साद इकट्ठा करती हैं ।

(a) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है ।

(b) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(v) कोलकाता हुगली नदी में अपना मैला पानी क्यों नहीं बहा सकता ? 1

(a) शहर में हुगली को पवित्र मानकर उसकी पूजा की जाती है ।

(b) हुगली एक छोटी नदी है, मैला पानी बहाने लायक नहीं है ।

(c) हुगली में समुद्र पानी वापस भेजता है, अपशिष्ट लौट सकता है ।

(d) हुगली पश्चिम में बहती है, अपशिष्ट उस ओर लाना कठिन है ।

2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए । $5 \times 1 = 5$

**पद्यांश – एक**

सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं
न चंद्रमा की ठंडक में
लेकिन हवा और पानी में ज़रूर कुछ ऐसा हुआ है
कि दुनिया में
करुणा की कमी पड़ गई है

इतनी कम पड़ गई है करुणा कि बर्फ़ पिघल नहीं रही
नदियाँ बह नहीं रहीं झरने झर नहीं रहे
चिड़ियाँ गा नहीं रहीं गायें रँभा नहीं रहीं

कहीं पानी का कोई ऐसा पारदर्शी टुकड़ा नहीं
कि आदमी उसमें अपना चेहरा देख सके
और उसमें तैरते बादल के टुकड़े से धो-पोंछ सके

दरअसल पानी से होकर देखो
तभी दुनिया पानीदार रहती है

उसमें पानी के गुण समा जाते हैं
वरना कोरी आँखों से कौन कितना देख पाता है

पता नहीं
आने वाले लोगों को दुनिया कैसी चाहिए
कैसी हवा कैसा पानी चाहिए
पर इतना तो तय है
कि इस समय दुनिया को
ढेर सारी करुणा चाहिए ।

(i) 'दुनिया में करुणा की कमी पड़ गई है' – पंक्ति का आशय है – 1

(a) वातावरण में शीतलता नहीं है ।

(b) जल की निर्मलता समाप्त हो गई है ।

(c) लोगों में संवेदना समाप्त हो गई है ।

(d) लोगों में क्रूरता बढ़ गई है ।

(ii) 'करुणा कि बर्फ़ पिघल नहीं रही' – पंक्ति में 'बर्फ़ पिघल नहीं रही' का क्या अभिप्राय है ? 1

(a) लोग स्वार्थ में आत्मकेन्द्रित हो गए हैं ।

(b) लोग दूसरों के दुखों से द्रवीभूत नहीं हो रहे हैं ।

(c) लोगों के हृदय की पवित्रता समाप्त हो गई है ।

(d) लोग एक-दूसरे से सहमत नहीं हो रहे हैं ।

(iii) 'दूसरों के दुख-दर्द के प्रति सहानुभूति दिखाने वाले लोग नहीं हैं' – इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है – 1

(a) कहीं पानी का कोई ऐसा पारदर्शी टुकड़ा नहीं ।

(b) सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं ।

(c) लेकिन हवा और पानी में ज़रूर कुछ ऐसा हुआ है ।

(d) वरना कोरी आँखों से कौन कितना देख पाता है ।

(iv) 'सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं, न चंद्रमा की ठंडक में' – पंक्ति के माध्यम से कवि कहना चाहते हैं 1

(a) सूर्य की ऊर्जा में गर्मी की कमी नहीं है ।

(b) चंद्रमा की चाँदनी में कोई कमी नहीं है ।

(c) सूर्य और चंद्रमा के दैनिक क्रिया-कलापों में कोई परिवर्तन नहीं है ?

(d) प्राकृतिक उपादानों में सहज करुणा की भावना है ।

(v) इस समय समस्त विश्व को आवश्यकता है – 1

(a) स्वच्छ हवा

(b) स्वच्छ पानी

(c) परोपकार

(d) करुणा

**अथवा**

**पद्यांश – दो**

दरवाज़े से बाहर जाने से पहले
अपने जूतों के तस्मे बाँधने के लिए मैं झुकता हूँ
रोटी का कौर तोड़ने और खाने के लिए
झुकता हूँ अपनी थाली पर
जेब से अचानक गिर गई कलम या सिक्के को उठाने को झुकता हूँ

झुकता हूँ लेकिन उस तरह नहीं
जैसे एक चापलूस की आत्मा झुकती है
किसी शक्तिशाली के सामने
जैसे लज्जित या अपमानित होकर झुकती हैं आँखें
झुकता हूँ
जैसे शब्दों को पढ़ने के लिए आँखें झुकती हैं

ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं
शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ

झुकता हूँ
जैसे घुटना हमेशा पेट की तरफ ही मुड़ता है
यह कथन सिर्फ शरीर के नैसर्गिक गुणों
या अवगुणों को ही व्यक्त नहीं करता
कहावतें अर्थ से ज़्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं ।

(i) किस तरह झुकना जीवन के सामान्य कार्य व्यवहार का हिस्सा नहीं है ? 1

(a) जूते के फीते बाँधने के लिए झुकना

(b) खाने का कौर उठाने के लिए झुकना

(c) ताकतवर के सामने सिर का झुकाना

(d) किसी गिरी वस्तु को उठाने के लिए झुकना

(ii) 'चापलूस की आत्मा' के झुकने से आप क्या समझते हैं ? 1

(a) किसी अधिकार सम्पन्न की खुशामद करने वाला व्यक्ति और उसकी आदतें

(b) अपने लाभ के लिए खुशामद करने वाले द्वारा आत्म-सम्मान को छोड़ दिया जाना

(c) एक सत्ता संपन्न व्यक्ति द्वारा मजबूर व्यक्तियों का लाभ उठाना

(d) खुशामद पसंद व्यक्ति और उसके अनुयायियों का समूचा कार्य व्यवहार

(iii) शब्दों को पढ़ने के लिए आँखों के झुकने में किस प्रकार का भाव है ? 1

(a) विनम्रता (b) लज्जा

(c) अपमान (d) आत्मालोचन

(iv) "ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ" पद्यांश के इस कथन का क्या आशय है ? निम्नलिखित कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए : 1

(क) शब्दों और क्रियाओं के अर्थ समाज की सत्ता-संरचना द्वारा ही तय होते हैं।

(ख) शब्दों और क्रियाओं को बरतना मनुष्य की चेतना के अधीन है।

(ग) हम चाहें तो कोई भी हमें वैसा करने को बाध्य नहीं कर सकता जिससे लज्जित एवं अपमानित होना पड़े।

(a) सिर्फ (क) (b) सिर्फ (ख)

(c) (क) और (ग) (d) (ख) और (ग)

(v) इस कविता में प्रयुक्त 'अर्थ' एवं 'अभिप्राय' का तात्पर्य क्या है ? 1

(a) अर्थ – मतलब ; अभिप्राय – नीयत

(b) अर्थ – नीयत ; अभिप्राय – मतलब

(c) अर्थ – आशय ; अभिप्राय – लक्ष्य

(d) अर्थ – तात्पर्य ; अभिप्राय – मंसूबा

3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) "जैसा कि बताया जा चुका है, मूर्ति संगमरमर की थी ।" – वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा – **1**

(a) मूर्ति संगमरमर की थी, इसके बारे में बताया जा चुका है ।

(b) मूर्ति संगमरमर की थी जिसके बारे में बताया जा चुका है ।

(c) मूर्ति के संगमरमर के होने के विषय में बताया जा चुका है ।

(d) बताया जा चुका है कि मूर्ति संगमरमर की थी ।

(ii) 'केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी ।' – वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा – **1**

(a) केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी ।

(b) देखते ही खटकने वाली एक चीज़ की ही कसर थी ।

(c) यूँ तो कसर कोई नहीं थी पर एक चीज देखते ही खटकने वाली भी थी ।

(d) केवल एक चीज़ की कसर थी जिसे देखते ही खटका होता था ।

(iii) 'पिताजी थककर सोए हैं' – इसका मिश्र वाक्य बनेगा – **1**

(a) पिताजी थक गए हैं इसलिए सोए हैं ।

(b) पिताजी सोए हैं और थके हुए हैं ।

(c) क्योंकि पिताजी थक गए हैं इसलिए सोए हैं ।

(d) पिताजी थकने पर सो गए हैं ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए : 1

(क) रास्ते और भी सँकरे होते जा रहे थे ।

(ख) हवा बह रही थी और पेड़-पौधे झूम रहे थे ।

(ग) सिक्किमी नवयुवक ने मुझे बताया कि प्रदूषण के चलते स्नो-फॉल कम होती जा रही है ।

(घ) मीठी झिड़कियाँ देकर उसने गाय को भगा दिया ।

**विकल्प :**

(a) कथन (क) और (घ) सही हैं ।

(b) केवल कथन (क) सही है ।

(c) केवल कथन (घ) सही है ।

(d) कथन (क), (ग) और (घ) सही हैं ।

(v) स्तंभ-I और स्तंभ-II को सुमेलित करके उचित विकल्प चुनकर लिखिए : 1

| | **स्तंभ-I** | | **स्तंभ-II** |
|---|---|---|---|
| (I) | सरल वाक्य | (अ) | या तो पढ़ाई कर लो या टीवी ही देख लो |
| (II) | मिश्र वाक्य | (ब) | नौकरी करने पर तनख्वाह तो लेगी ही । |
| (III) | संयुक्त वाक्य | (स) | वह किताब खो गई जो आपने दी थी |

| | **(I)** | **(II)** | **(III)** |
|---|---|---|---|
| (a) | (अ) | (ब) | (स) |
| (b) | (ब) | (स) | (अ) |
| (c) | (स) | (ब) | (अ) |
| (d) | (ब) | (अ) | (स) |

4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(i) निम्नलिखित में कर्मवाच्य का उदाहरण है – 1

(a) अब तो उससे रोया नहीं जाता ।

(b) अब तो वह नहीं रोती ।

(c) माँ द्वारा खाना बनाया जाता है ।

(d) माँ से सोया नहीं जाता ।

(ii) निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का उदाहरण है – 1

(a) चलो, चला जाए ।

(b) चलो, कहीं चला जाए ।

(c) चलो, घूमने चलते हैं ।

(d) नहीं, मुझसे नहीं चला जाएगा ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का वाक्य है – 1

(a) बच्चा बैठता है ।

(b) राम से आया नहीं जाता ।

(c) रमेश आता है ।

(d) आपसे पत्र लिखा नहीं गया ।

(iv) "मैं यह भाषा नहीं पढ़ सकूँगा" – वाक्य को कर्मवाच्य में बदलने पर होगा – 1

(a) मुझसे यह भाषा नहीं पढ़ी जा सकेगी ।

(b) मैंने यह भाषा पहले नहीं पढ़ी है ।

(c) मैं यह भाषा पढ़ने का प्रयास कर सकता हूँ ।

(d) मेरे द्वारा यह भाषा पढ़ी जा सकेगी ।

(v) स्तंभ-I और स्तंभ-II को सुमेलित करके सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

| | **स्तंभ-I** | | **स्तंभ-II** |
|---|---|---|---|
| (I) | कर्तृवाच्य | (अ) | पक्षियों से उड़ा जाता है । |
| (II) | कर्मवाच्य | (ब) | पुलिस द्वारा चोर पकड़ा गया । |
| (III) | भाववाच्य | (स) | चलो, यहाँ से चलें |

| | **(I)** | **(II)** | **(III)** |
|---|---|---|---|
| (a) | (अ) | (ब) | (स) |
| (b) | (ब) | (स) | (अ) |
| (c) | (स) | (अ) | (ब) |
| (d) | (स) | (ब) | (अ) |

5. 'पद–परिचय' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों से किन्हीं **चार** के उत्तर चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'जल्दी से जाकर दुकान से दूध ले आओ ।' **1**

– वाक्य में रेखांकित शब्द का पद परिचय है :

(a) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, आपादान कारक

(b) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, करण कारक

(c) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, आपादान कारक

(d) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, आपादान कारक

(ii) 'शाम को हम चलेंगे ।' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय होगा – **1**

(a) अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

(b) सकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

(c) अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्मवाच्य

(d) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

(iii) 'किस व्यक्ति से मिलना है ?' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है – **1**

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

(b) सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, व्यक्ति विशेष्य

(c) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, व्यक्ति विशेष्य

(d) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, व्यक्ति विशेष्य

(iv) 'लड़की के साथ दो और लोग आने वाले हैं ।' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है – **1**

(a) समुच्चयबोधक अव्यय, लड़की का संबंध बाकी वाक्य से जोड़ने वाला

(b) संबंधबोधक अव्यय, लड़की (संज्ञा) का संबंध वाक्य के दूसरे हिस्से से जोड़ने वाला

(c) क्रियाविशेषण, आना क्रिया की विशेषता

(d) संबंधबोधक अव्यय, लोगों का संबंध लड़की से बताने वाला ।

(v) स्तंभ-I और स्तंभ-II को ठीक क्रम में सुमेलित कीजिए : 1

| स्तंभ-I | | स्तंभ-II | |
|---|---|---|---|
| (अ) | अरे! तुम कब आए ? | (I) | अचरज सूचक विस्मयादिबोधक |
| (ब) | सावधान! आगे सड़क पर गड्ढ़ा है । | (II) | घृणा सूचक विस्मयादिबोधक |
| (स) | छि:! कैसी बदबू है । | (III) | चेतावनी सूचक विस्मयादिबोधक |

| | **(अ)** | **(ब)** | **(स)** |
|---|---|---|---|
| (a) | (III) | (I) | (II) |
| (b) | (I) | (II) | (III) |
| (c) | (II) | (I) | (III) |
| (d) | (I) | (III) | (II) |

6. 'अलंकार' आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'आगे नदियाँ पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार । 1
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ।'
– प्रस्तुत पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है –

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार
(b) श्लेष अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार
(d) अतिशयोक्ति अलंकार

(ii) 'को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के वीर' – प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है – 1

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार
(b) श्लेष अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार
(d) अतिशयोक्ति अलंकार

(iii) निम्नलिखित में से किन पंक्तियों में उत्प्रेक्षा अलंकार है ? **1**

(a) कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय
वो खाए बौराए जग, या पाए बौराय ।

(b) नहिं पराग नहि मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल
अली कली-ही सों बँध्यो, आगे कौन हवाल ।

(c) चमचमात चंचल नयन, बिच घूँघट पट छीन ।
मनहु सुरसरिता विमल, जल उछरत जुग मीन

(d) कोटि कुलिस-सम-वचन तुम्हारा ।
व्यर्थ धरहु बान कुठारा ।

(iv) स्तंभ-I और स्तंभ-II को उचित विकल्प से सुमेलित कीजिए : **1**

| | **स्तंभ-I** | | **स्तंभ-II** |
|---|---|---|---|
| (अ) | हेमकुंभ ले उषा सवेरे भरती ढुलकाती सुख मेरे । | (I) | श्लेष अलंकार |
| (ब) | हरिमुख मानो मधुर मयंक । | (II) | उत्प्रेक्षा अलंकार |
| (स) | पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून । | (III) | मानवीकरण अलंकार |

| | **(अ)** | **(ब)** | **(स)** |
|---|---|---|---|
| (a) | (I) | (II) | (III) |
| (b) | (III) | (II) | (I) |
| (c) | (II) | (I) | (III) |
| (d) | (III) | (I) | (II) |

(v) 'माली आवत देख कर कलियाँ करैं पुकार' – **1**

प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है –

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार

(b) अतिशयोक्ति अलंकार

(c) मानवीकरण अलंकार

(d) श्लेष अलंकार

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

यों खेलने को हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर । हाँ, इतना ज़रूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे । आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है । मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुजार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था । एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है । बस इनको देखते-सुनते, इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ । इतने वर्षों के अंतराल ने भी उनकी भाव-भंगिमा, भाषा, किसी को भी धुँधला नहीं किया था और बिना किसी विशेष प्रयास के बड़े सहज भाव से वे उतरते चले गए थे ।

(i) भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर के बाहर रहने और बहनों की सीमा घर होने का क्या अभिप्राय है ? **1**

(a) लड़कियों एवं लड़कों में आत्मीयता और बंधुत्व नहीं था ।

(b) बाई-बहन एक साथ ज्यादा समय नहीं बिताते थे ।

(c) लड़कों को पूरे संसार की आज़ादी थी पर लड़कियाँ घरों के दायरे में सीमित ।

(d) लड़के अधिकतर मोहल्ले में भटकते थे जबकि लड़कियाँ घर में रहती थीं ।

(ii) 'घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती' – से आप क्या समझते हैं ? 1

(a) घर में आज की तरह दीवारें नहीं होती थीं ।

(b) टोले-मोहल्ले को घर का हिस्सा माना जाता था ।

(c) पुराने समय में घर बड़े होते थे, न कि माचिस की डिब्बियाँ ।

(d) लोग खुले दिल के थे इसलिए अपने घर में अजनबियों को भी जगह देते थे ।

(iii) लेखिका ने अपने पात्रों के विषय में जो बताया है उसके अनुसार असत्य कथन है – 1

(a) उनकी आरंभिक कहानियों के पात्र बाद के जीवन से आए हैं ।

(b) उनके एक-दो पात्रों को छोड़ दें तो कोई उनके परिवार से नहीं ।

(c) जिस मोहल्ले में उनकी किशोरावस्था बीती वहीं से लगभग दर्ज़न भर पात्र लिए ।

(d) आरंभिक कहानियों के पात्रों को देखते-सुनते उनके बीच ही लेखिका बड़ी हुईं ।

(iv) 'पड़ोस कल्चर' से अलग होकर हम कैसे होते जा रहे हैं ? 1

(a) संकुचित, असहाय और सुरक्षित

(b) संकुचित, शंकालु और असुरक्षित

(c) संकुचित, असहाय और संरक्षित

(d) संकुचित, असहाय और असुरक्षित

(v) कहानियाँ लिखते हुए लेखिका को क्या अहसास हुआ ? 1

(a) समय बीतने के कारण उनकी स्मृति अब क्षीण पड़ रही है ।

(b) इतना समय बीतने के बाद भी उन्हें वे लोग अपने हावभाव के साथ याद थे ।

(c) अपने परिचित व्यक्ति के बारे में लिखना आसान तो नहीं है ।

(d) समय के अंतराल ने उनकी भाव-भंगिमा, भाषा आदि को धुँधला कर दिया था ।

8. गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) पानवाले ने नेताजी की मूर्ति पर चश्मा न होने का कारण बताया – 'मास्टर बनाना भूल गया' – यह उसके लिए कैसी बात थी और हालदार साहब के लिए कैसी ? **1**

(a) पानवाले के लिए – मज़ेदार, हालदार साहब के लिए – द्रवित करने वाली

(b) पानवाले के लिए – दु:खी करने वाली, हालदार साहब के लिए – द्रवित करने वाली

(c) पानवाले के लिए – मज़ेदार, हालदार साहब के लिए – विचारणीय

(d) पानवाले के लिए – द्रवित करने वाली, हालदार साहब के लिए – विचार करने वाली

(ii) 'भारत रत्न' जैसे पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का कारण बिस्मिल्ला खाँ की दृष्टि में था – **1**

(a) शहनाई वादन के साथ-साथ पहनावा ओढ़ावा

(b) शहनाई के कारण नहीं देश विदेश में उनकी पहचान और प्रसिद्धि

(c) शहनाई-वादन है न कि कपड़े और बाहरी दिखावा ।

(d) शहनाई वादन के साथ उनके आचार-विचार ।

9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

मुख्य गायक की गरज़ में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है ।

जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था
तार सप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

(i) 'मुख्य गायक की गरज़ में संगतकार अपनी गूँज प्राचीन काल से मिला रहा है' – कथन में प्राचीन काल का तात्पर्य है – **1**

(a) पुराने युग से

(b) हमेशा से

(c) बचपन से

(d) गाने के आरंभ से

(ii) मुख्य गायक अंतरे की जटिल तानों के जंगल में क्यों खो जाता है ? **1**

(a) कई बार सिद्धस्थ गायक भी किसी सुर-ताल में उलझ जाते हैं।

(b) गाना एक जंगल जैसा है जिसमें भटक जाना सहज ही हो जाता है।

(c) अपने ही गाने की लय में डूबकर भटक जाता है।

(d) महान गायक भी कभी-कभी कमज़ोर पड़ जाते हैं।

(iii) संगतकार किस तरह से मुख्य गायक की सहायता करता है ? 1

(a) मुख्य गायक के भटकने पर स्थायी को सँभाल कर ।

(b) मुख्य गायक को उसके बचपन की याद दिलाकर ।

(c) मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान समेट कर ।

(d) मुख्य गायक के साथ अंतरे को गाकर ।

(iv) संगतकार मुख्य गायक को ढाँढ़स कब बँधाता है ? – इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए – 1

**कथन :** (क) जब उसका गला बैठने लगता है ।

(ख) जब वह निरुत्साहित होने लगता है ।

(ग) जब उसकी आवाज मंद पड़ने लगती है ।

**विकल्प :**

(a) केवल (क)

(b) केवल (ग)

(c) (क), (ख) और (ग)

(d) (क) और (ग)

(v) 'तार सप्तक' में मुख्य गायक का गला क्यों बैठने लगता है ? 1

(a) वह गाते–गाते थक चुका होता है ।

(b) इसमें स्वरों को ऊँचाई–निचाई पर चढ़ाना होता है ।

(c) उसे बार–बार गाना पड़ता है ।

(d) आवाज़ की गूँज अब नष्ट हो चुकी होती है ।

10. पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में परशुराम बार-बार विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत क्यों कर रहे हैं ? **1**

(a) विश्वामित्र सभी मुनियों में श्रेष्ठ थे ।

(b) विश्वामित्र राम और लक्ष्मण के कुल गुरु थे ।

(c) विश्वामित्र सीता-स्वयंवर में जनक के पुरोहित थे ।

(d) विश्वामित्र उस समय राम-लक्ष्मण के गुरु एवं अभिभावक थे ।

(ii) 'दंतुरित मुस्कान' का कवि स्वयं को चिर प्रवासी क्यों कह रहा है ? **1**

(a) वह पहली बार बच्चे से मिल रहा है ।

(b) कवि सदा यात्रा पर रहने वाला व्यक्ति है ।

(c) कवि लंबी यात्रा के बाद घर आया है ।

(d) कवि का कोई घर नहीं है वह खानाबदोश है ।

## खंड – ब

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए कि –

(क) हालदार साहब का कस्बे के नागरिकों का कौन-सा प्रयास सराहनीय लगा और क्यों ?

(ख) नवाब साहब की झुठी शानों-शौकत और घमंड भरे व्यवहार को देखकर लेखक ने उनके साथ किस प्रकार का व्यवहार किया ? 'लखनवी-अंदाज़' पाठ के आधार पर इसे साबित कीजिए ।

(ग) बालगोबिन भगत की 'गर्मियों की संझा' के दृश्य का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

(घ) बिस्मिल्ला खाँ 'मालिक' से कौन-सी दुआ माँगते थे ? इससे उनके व्यक्तित्व का कौन-सा पहलू सामने उभरता है ।

12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'सूर के पद' में गोपियों के माध्यम से सूरदास की भक्ति-भावना सामने आती है । इस कथन के आलोक में सूरदास की भक्ति-भावना पर टिप्पणी कीजिए । (किन्हीं दो बिंदुओं को उत्तर में अवश्य शामिल करें)

(ख) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में लक्ष्मण ने अपने कुल की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? (किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।)

(ग) इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी कौन-सी कविता आपको सबसे अधिक प्रभावित करती है, और क्यों ?

(घ) 'आत्मकथ्य' में कवि आत्मकथा न लिखने के लिए जिन तर्कों का सहारा ले रहा है उनमें से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए ।

13. 'पूरक पाठ्य-पुस्तक' के पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) यह स्वाभाविक है कि बच्चा माता या पिता किसी एक से अधिक नजदीकी का अनुभव करता हो – 'माता का अँचल' के भोलानाथ के संदर्भ से इस कथन पर प्रकाश डालें । इसके साथ ही अपने जीवन के अनुभव से इसके पक्ष या विपक्ष में टिप्पणी कीजिए ।

(ख) कृतिकार की ईमानदारी से आप क्या समझते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' के लेखक ने इस ईमानदारी के समक्ष किस तरह की लेखकीय विवशताओं का उल्लेख किया है ?

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि' – की लेखिका अपनी यात्रा में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते चलती हैं । पाठ के किन्हीं दो प्रसंगों के उल्लेख के साथ लिखिए कि अगर आप उस स्थान पर होते तो क्या करते ?

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(क) आज़ाद देश के 75 साल और भविष्य की उम्मीदें

संकेत बिंदु :
- 75 वर्ष के बाद देश का वर्तमान
- भविष्य के लक्ष्य
- लक्ष्य पाने के रास्ते
- नागरिकों का दायित्व

(ख) जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है

संकेत बिंदु :
- जीवन और संघर्ष क्या है ?
- संघर्ष : सफलता का मूलमंत्र
- असफलता से उत्पन्न निराशा और उत्कट जिजीविषा
- जीवन का मूलमंत्र

(ग) समय होत सबसे बलवान

संकेत बिंदु :
- समय/काल का महत्त्व
- सुख–दुख का आवागमन
- समय की बारीकी को समझना और उसके अनुसार कार्य करना
- बुरे समय में भी हार न मानना

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) आपका नाम सना/सोहम है । आपके छोटे भाई/बहन को लगातार मोबाइल पर खेलते रहने की लत पड़ चुकी है । खाने, पढ़ने की जगह वह बस मोबाइल में लगा रहता/रहती है । इसके नुकसान समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ख) आप अहमदाबाद के रहने वाले मनीष/मनीषा हैं । किसी कार्यवश रेल से मुंबई जा रहे थे और बीच के एक छोटे स्टेशन पर आपका सामान चोरी हो गया । मुंबई रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए उचित शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

16. (क) आपने हाल ही में एम.एस.सी. (गणित) की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है और साथ ही आप बी.एड.भी कर चुके हैं । गणित के पी.जी.टी. (परा-स्नातक अध्यापक) पद के लिए अपना स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग **80** शब्दों में तैयार कीजिए । आपका नाम नेहा/निखिल है । आपको केंद्रीय विद्यालय, क.ख.ग. में गणित अध्यापक/अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आपके घर मेहमान आने वाले हैं तो आपने 'तुरत-फुरत' नामक वेबसाइट से कुछ खाने-पीने की वस्तुएँ मँगवाई हैं । बीस मिनट में सामान पहुँचाने वाली इस साइट से **50** मिनट में भी सामान नहीं आया है । इसकी शिकायत करते हुए उपभोक्ता संपर्क विभाग के लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए । आपका नाम साधना/सोमेश है ।

17. (क) जल-प्रदूषण की भयावहता के प्रति सब को सचेत करने वाला एक जनहितकारी विज्ञापन लगभग **60** शब्दों में बनाइए । **1 × 4 = 4**

**अथवा**

(ख) आप मोहिनी/महेन्द्र हैं । आपके बड़े भाई को विदेश जाकर पढ़ाई करने के लिए छात्रवृत्ति मिली है जिसके अंतर्गत वे अमेरिका उच्च अध्ययन के लिए जाने वाले हैं । उन्हें बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करता एक संदेश लगभग **60** शब्दों में लिखिए ।

---

Series Z1YXW/1

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड **3/1/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

| नोट | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'**। **खंड-'अ'** में बहुविकल्पी / वस्तुपरक और **खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

(iii) ***खंड 'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **49** है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

(iv) ***खंड-'ब'** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

(vi) *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

## (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

काम या पेशा खुद बुरा या छोटा-बड़ा नहीं है । कोई भी काम हो जो ईमानदारी से किया जाए और उचित लाभ के अतिरिक्त यदि एक पैसा भी बेईमानी का उसमें नहीं आया तो वह सर्वथा प्रतिष्ठित और सराहना के योग्य है । छोटे से छोटा काम भी यदि ईमानदारी के साथ किया जाए तो कभी बुरा नहीं होता । किसी ऊँची बात को लक्ष्य कर किया गया मेहनत का काम जो अपनी ईमानदारी में बट्टा न लगाता हो बुरा नहीं है । जो लेन-देन में पवित्र और शुचि है, नीतिशास्त्रों ने उसी को पवित्र माना है ।

हाथ-पाँव आदि अंग जल से शुद्ध और साफ होते हैं पर मन केवल सत्य से शुद्ध होता है । मन जिसका दृढ़ है और डिगा नहीं वही अपनी गाढ़ी मेहनत की कौड़ी को अपनी करके मानेगा । बेईमानी से अनुचित लाभ का सोना भी है, तो वह मिट्टी का ढेला मानता है । गाढ़ी मेहनत, ईमानदारी और मुस्तैदी ये तीन बातें रोजगारी / सफलता के लिए बहुत आवश्यक हैं । बहुधा लोग अपनी बदकिस्मती के लिए रोते हैं और पछताते हैं, पर सच पूछो तो बदकिस्मती से उनका इतना नहीं बिगड़ा जितना उनके आलस्य, बेपरवाही और जी लगा के मेहनत न करने से । कहावत है – भूकता हुआ कुत्ता ज्यादा काम का है, सोते हुए सिंह की अपेक्षा । वास्तव में जो ईमानदार हैं वे अपने जितने काम हैं सबमें स्वच्छता और स्पष्टता रखने में नहीं चूकते और समाज में सभी के विश्वास-पात्र होते हैं ।

(i) कोई भी रोजगार और पेशा कब प्रतिष्ठित और सराहना के योग्य हो जाता है ? 1

(a) जब वह पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए ।
(b) जब वह पूरी मेहनत और लगन के साथ किया जाए ।
(c) जब समाज का धनाढ्य वर्ग उससे जुड़ा हो ।
(d) जब किसी रोजगार से आर्थिक लाभ अधिक हो ।

(ii) 'काम या पेशा खुद बुरा नहीं है' – इसका क्या अभिप्राय है ? 1

(a) काम अच्छा-बुरा नहीं होता, उसे करने वाले अच्छे-बुरे होते हैं ।
(b) काम अच्छा-बुरा नहीं होता, लोग बेईमानी से उसे बुरा बना देते हैं ।
(c) काम तब तक बुरा नहीं जब तक उसमें आर्थिक लाभ हो रहा हो ।
(d) काम तब तक बुरा नहीं जब तक वह परिश्रम से किया जाए ।

(iii) हाथ-पाँव की पवित्रता का संबंध यदि जल से है तो मन की पवित्रता का संबंध है – 1

(a) ईमानदारी से (b) गंगाजल से
(c) गाढ़ी मेहनत से (d) सत्य से

(iv) कैसे व्यक्ति बेईमानी से प्राप्त मूल्यवान वस्तु को भी मिट्टी सदृश मानते हैं ? 1

(a) दृढ़चित्त (b) दृढ़ निश्चयी
(c) सत्यनिष्ठ (d) पवित्र हृदय

(v) 'भूकता हुआ कुत्ता ज्यादा काम का है, सोते हुए सिंह की अपेक्षा' – कहावत का अर्थ है – 1

(a) सोते हुए शेर से जागा हुआ कुत्ता श्रेयस्कर है ।
(b) सोते हुए शेर से भौंकने वाला कुत्ता श्रेयस्कर है ।
(c) सोये हुए योग्य व्यक्ति से जागा हुआ अयोग्य व्यक्ति श्रेयस्कर है ।
(d) सोये हुए योग्य व्यक्ति से धीमी गति से काम करने वाला व्यक्ति श्रेयस्कर है ।

2. निम्नलिखित **दो** काव्यांशों में से किसी **एक** काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

**काव्यांश एक**

पारिख के घर में नीम का पेड़ था
छितराई हरियाली अहाते को लगभग घेरे हुए
घर गली से ही पहचाना जाता था
नीम के नीचे पारिख की चारपाई बिछती थी
चारपाई पर पारिख के अलावा
किताबें भी बैठतीं सुस्तातीं
नीम कभी बोलकर कभी चुपके से सूखे पत्ते गिराता था
पत्तों में अटका होता था उसका बचपन
हवा के साथ की गई शरारतें

एक दिन नहीं रहा वह नीम का पेड़
वहाँ आ गईं रोड़ी और रेत
आ गईं ईंटें और सीमेंट वहाँ
बन गया एक घेरा छह बाई आठ फुट का
सजाई गईं जिसमें चार कुर्सियाँ और एक मेज़
कुर्सियों पर पारिख मेज पर किताबें..... ?
पारिख का मन अब कहीं नहीं जाता
घूमता है उसी छह बाई आठ में
उसके चेहरे पर एक परछाईं डोलती है
फीकी लाचार-सी
किताबें देखती हैं उनकी आँखों में दुख झलकता है
पारिख के घर का पता अब लोग
गली में आने-जाने वालों से पूछते हैं ।

(i) इस काव्यांश के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों में सबसे सटीक विकल्प चुनिए – 1

**कथन** :-

(क) पेड़-पौधों की जगह आधुनिक जीवन में नहीं बची ।

(ख) पेड़-पौधे काटकर मकानों का निर्माण आज की सच्चाई है ।

(ग) भले ही जरूरतवश हम पेड़ों को काट दें लेकिन उनकी कमी हमेशा खलती है ।

(घ) कुर्सी और मेज़ ज़िंदा पेड़ से ज्यादा जरूरी हैं ।

**विकल्प** :

(a) केवल कथन (ग) सही है ।

(b) कथन (ख) और (ग) सही हैं ।

(c) कथन (क), (ख) और (ग) सही हैं ।

(d) कथन (ख), (ग) और (घ) सही हैं ।

(ii) 'घर गली से ही पहचाना जाता था' – का आशय है – 1

(a) गली में उसके घर को पहचान के रूप में जाना जाता था ।

(b) गली में उसका घर जाना-पहचाना लगता था ।

(c) पेड़ के कारण उसके घर को दूर से ही पहचान लिया जाता था ।

(d) गली में उसके घर को पहचानने वाले रहते थे ।

(iii) नीम के पेड़ की जगह किसने ले ली ? 1

(a) रोड़ी और रेत ने (b) ईंटों और सीमेंट ने

(c) छह बाई आठ फुट के कमरे ने (d) चार कुर्सियों और मेज़ ने

(iv) 'पारिख का मन अब कहीं नहीं जाता' – पंक्ति का आशय है – **1**

(a) पारिख को नीम के पेड़ की याद आती

(b) बंद कमरे में पारिख को घुटन होती

(c) अब किताबें पढ़ने में पारिख का मन नहीं लगता

(d) पेड़ के साथ पारिख का बचपन भी खो गया

(v) इस काव्यांश से हम सीख सकते हैं – **1**

(a) पेड़ों की जगह का इस्तेमाल, किताबों से प्रेम, सपने देखना ।

(b) पेड़ों से प्रेम, किताबों को सजाना, जगह का उचित इस्तेमाल

(c) बचपन के बारे में लिखना, पेड़ों के गिर्द घूमना, किताबें पढ़ना

(d) पेड़ों से प्रेम, किताबों की संगति, प्रकृति का संरक्षण

**अथवा**

**काव्यांश दो**

उन्होंने बनाए बहुत नीले आसमान
फिर सूरज, चाँद और सितारों को
अलग-अलग जगह रखा
पेड़ इतने हरे बनाए उन्होंने
जितना हरा उन्हें होना चाहिए
या जितने हरे रहे होंगे वे
कभी हमारी धरती पर
फिर पहाड़ों, नदियों और झरनों को
उन्होंने अलग-अलग जगह रखा
उन्होंने मकान, सड़कें और पुल भी बनाए
जिन्हें ईश्वर ने भी नहीं बनाया था कभी
फिर उन्होंने बनाईं बसें, स्कूटर और कारें
साइकिल चलाते और पैदल चलते
लोग भी बनाए उन्होंने
चीज़ों को बनाते चले जाने के उत्साह में
इतना ज़्यादा भर गया चित्र
कि गेंद को रखने की कोई जगह ही
नहीं बची चित्र में
तब समझ आया उन्हें
कि बड़ों ने कैसी-कैसी गलतियाँ की हैं
इस दुनिया को बनाने में !

(i) काव्यांश की पंक्ति – 'उन्होंने बनाए' – में 'उन्होंने' शब्द से कवि का संकेत किस ओर है ? **1**

(a) चित्रकारों ने (b) बच्चों ने

(c) कलाकारों ने (d) विद्यार्थियों ने

(ii) 'पेड़ इतने हरे बनाए उन्होंने
जितना हरा उन्हें होना चाहिए' – कथन का अभिप्राय है – **1**

(a) सामान्यतः प्रकृति में पेड़ों को हरा ही होना चाहिए ।

(b) प्रकृति में संतुलन बना रहने पर पेड़ खूब हरे रहते हैं ।

(c) मनुष्य द्वारा पर्यावरण में छेड़छाड़ किए जाने पर पेड़ों का हरापन नष्ट होता है ।

(d) चित्रों में पेड़ अपने वास्तविक हरेपन के साथ हैं ।

(iii) 'गेंद' रखने की जगह क्यों नहीं बची ? **1**

(a) आसमान, सूरज, चाँद, झरनों में गेंद ठीक नहीं लगती ।

(b) मकानों, सड़कों और गाड़ियों की भीड़-भाड़ में गेंद खो जाती ।

(c) उत्साह में बनाए जाने पर चित्र बहुत भर गया और उसमें जगह नहीं थी ।

(d) उत्साह में बनाते जाने की जल्दी में उनसे गलती हो गई ।

(iv) कवि के अनुसार इस दुनिया को किसने बनाया है ? **1**

(a) ईश्वर (b) मनुष्य

(c) प्रकृति (d) धरती

(v) 'बड़ों ने दुनिया को बनाने में गलतियाँ कर दीं' – इसका आशय है – **1**

(a) बड़े भी गलती कर-कर के सीखते हैं ।

(b) बड़ों ने दुनिया से स्वाभाविकता और बचपना नष्ट कर दिया ।

(c) बड़ों की दुनिया स्वार्थ और ईर्ष्याजन्य स्पर्धा से भरी है ।

(d) बड़ों ने अपनी स्वार्थपूर्ति हेतु बच्चों के लिए खेल के मैदान भी नहीं छोड़े ।

3. 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए – **4 × 1 = 4**

(i) 'न तो तुमने फिल्म ही देखी, न ही नाटक देख सके ।' – इस वाक्य का सरल वाक्य होगा – **1**

(a) तुमने फिल्म भी नहीं देखी, नाटक भी नहीं देख सके ।

(b) तुमने फिल्म देखना और नाटक देखना दोनों ही काम नहीं किया ।

(c) तुम फिल्म और नाटक दोनों ही नहीं देख सके ।

(d) यद्यपि तुम फिल्म और नाटक दोनों देख सकते फिर भी तुमने नहीं देखे ।

(ii) सड़क पर धक्का लगने से वह गिर पड़ा । प्रस्तुत वाक्य का मिश्र वाक्य होगा – 1

(a) वह सड़क पर जा रहा था इसलिए धक्का लगने से गिर पड़ा ।

(b) वह गिर पड़ा क्योंकि उसे धक्का लगा ।

(c) जैसे ही उसे सड़क पर धक्का लगा वैसे ही वह गिर पड़ा ।

(d) उसने सड़क पर धक्का खाया और गिर पड़ा ।

(iii) 'जब सोहम सोकर उठा तब सुबह हो गई थी ।' प्रस्तुत वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा – 1

(a) सोहम के सोकर उठने पर सुबह हो चुकी थी ।

(b) सुबह होने पर सोहम सोकर उठा ।

(c) सुबह हो गई थी इसलिए सोहम सोकर उठा ।

(d) सुबह होने की देर थी, सोहम उठ गया ।

(iv) स्तंभ I और स्तंभ II को सुमेलित करके सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

| | **स्तंभ – I** | | **स्तंभ - II** |
|---|---|---|---|
| (I) | सरल वाक्य | (अ) | जो कमाएगा वही खाएगा । |
| (II) | मिश्र वाक्य | (ब) | वह कमाएगा और खाएगा । |
| (III) | संयुक्त वाक्य | (स) | कमाने वाला ही खाएगा । |

(a) (I) – अ; (II) – ब; (III) – स (b) (I) – ब; (II) – अ; (III) – स

(c) (I) – ब; (II) – स; (III) – अ (d) (I) – स; (II) – अ; (III) – ब

(v) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए – 1

(क) पक्का महल से मलाई बरफ़ बेचने वाले जा चुके हैं ।

(ख) मालिक से यही दुआ है कि फटा सुर न बख्शे ।

(ग) बिस्मिल्ला खाँ का संसार सुरीला होना शुरू हुआ ।

(घ) रसूलन और बतूलन के गाने पर अमीरुद्दीन को खुशी मिलती थी ।

**विकल्प** :

(a) केवल कथन (ख) सरल वाक्य है ।

(b) कथन (क) और (घ) सरल वाक्य हैं ।

(c) कथन (क) और (ग) सरल वाक्य हैं ।

(d) कथन (क), (ग) और (घ) सरल वाक्य हैं ।

4. 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – $4 \times 1 = 4$

(i) 'हम सभी सैलानी आगे चलने में असमर्थ थे ।' प्रस्तुत वाक्य का वाच्य पहचानिए – 1

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य (d) अकर्तृवाच्य

(ii) 'उसने नेपाली बोली सीखी' – वाक्य का कर्मवाच्य होगा – 1

(a) उसके द्वारा नेपाली बोली सीखी गई ।

(b) उसने नेपाली बोली सीख ली ।

(c) उससे नेपाली बोली सीख ली जाएगी ।

(d) उससे नेपाली नहीं सीखी जाती है ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य का उदाहरण नहीं है – 1

(a) उससे तो दौड़ा भी नहीं जाता ।

(b) बूढ़ी काकी से उठा भी नहीं जाता ।

(c) बूढ़े दादू से रोटी भी नहीं खाई जाती ।

(d) रमेश से सोया भी नहीं जाता ।

(iv) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण है ? 1

(a) मूर्तिकार द्वारा सबको सूचना दी गई ।

(b) अफसरों से कुछ–का–कुछ बहाना बनाया गया ।

(c) चेयरमैन द्वारा आदेश पारित किया गया ।

(d) मूर्तिकार पहाड़ों के दौरे पर निकल पड़ा ।

(v) स्तंभ-I और स्तंभ-II को सुमेलित कर उचित विकल्प चुनकर लिखिए – 1

| | **स्तंभ – I** | | **स्तंभ - II** |
|---|---|---|---|
| (अ) | गेंदबाज द्वारा फुलटॉस गेंद फेंकी गई । | (I) | कर्तृवाच्य |
| (ब) | भारतीय महिला क्रिकेटरों का प्रदर्शन सराहनीय था । | (II) | कर्मवाच्य |
| (स) | चोटिल बल्लेबाज से दौड़ा नहीं जा सका । | (III) | भाववाच्य |

(a) (अ) – (I); (ब) – (III); (स) – (II) (b) (अ) – (I); (ब) – (II); (स) – (III)

(c) (अ) – (II); (ब) – (I); (स) – (III) (d) (अ) – (III); (ब) – (II); (स) – (I)

5. 'पद–परिचय' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – **4 × 1 = 4**

(i) 'रानी का दर्जी परेशान था कि वे हिंदुस्तान के दौरे पर क्या पहनेंगी' – वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय है – 1

(a) संबंधबोधक अव्यय (b) विस्मयादिबोधक अव्यय

(c) क्रियाविशेषण अव्यय (d) समुच्चयबोधक अव्यय

(ii) उसी ज़माने में यह घटना घटी । – रेखांकित अंश का पद परिचय होगा – 1

(a) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल ।

(b) अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल ।

(c) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल ।

(d) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल ।

(iii) निम्नलिखित में किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है ? 1

(a) कौन-कौन घूमने जाएगा ? (b) बाहर कौन आया है ?

(c) कौन-सी पुस्तक ले आऊँ ? (d) कौन शोर मचा रहा है ?

(iv) 'जाड़े में चारों ओर कुहरा छा जाता है ।' रेखांकित शब्द का पद-परिचय है – 1

(a) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन
(b) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन
(c) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन
(d) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन

(v) आज के समय में कम लोगों को ही नौकरी मिलती है पर वे भी इस विषय में कम बोलते हैं । दोनों वाक्यों के कम का सामान्य पद-परिचय होगा – 1

(a) पहला कम – सार्वनामिक विशेषण, दूसरा कम – अनिश्चित संख्यावचाक विशेषण
(b) पहला कम – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, दूसरा कम – अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(c) पहला कम – अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण, दूसरा कम – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(d) पहला कम – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, दूसरा कम – अनिश्चित परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

6. 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार उचित विकल्प चुनकर दीजिए – $4 \times 1 = 4$

(i) स्तंभ-I और स्तंभ-II का मिलान करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

| | **स्तंभ – I** | | **स्तंभ - II** |
|---|---|---|---|
| (I) | उपमेय में उपमान की संभावना | (अ) | श्लेष अलंकार |
| (II) | शब्द के एक से अधिक भिन्न अर्थ | (ब) | मानवीकरण अलंकार |
| (III) | निर्जीव पदार्थों पर मानवीय क्रियाओं और भावों का आरोपण | (स) | उत्प्रेक्षा अलंकार |

(a) (I) – अ; (II) – ब; (III) – स

(b) (I) – स; (II) – अ; (III) – ब

(c) (I) – ब; (II) – स; (III) – अ

(d) (I) – अ; (II) – स; (III) – ब

(ii) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से कौन-सी काव्य-पंक्ति मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है ? 1

(a) चरणकमल बंदौ हरि राई ।

(b) कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय ।

(c) दुख है जीवन-तरु के फूल

(d) मेघ आए बड़े बन ठन के, सँवर के ।

(iii) 'अंबर में तारे मानो मोती अनगिनत ।' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ? 1

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) मानवीकरण अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) अतिशयोक्ति अलंकार

(iv) 'चंचला स्नान कर आए, चंद्रिका पर्व में जैसे ।
उस पावन तन की शोभा, आलोक मधुर थी ऐसे ।।'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है – 1

(a) श्लेष अलंकार (b) उत्प्रेक्षा अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार (d) अतिशयोक्ति अलंकार

(v) 'पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ।' काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है – 1

(a) श्लेष अलंकार (b) उत्प्रेक्षा अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार (d) अतिशयोक्ति अलंकार

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

सचमुच हैरान करती है काशी – पक्का महाल से जैसे मलाई बरफ़ गया, संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराएँ लुप्त हो गईं । एक सच्चे सुर साधक और सामाजिक की भाँति बिस्मिल्ला खाँ साहब को इन सबकी कमी खलती है । काशी में जिस तरह बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं, उसी तरह मुहर्रम-ताजिया और होली-अबीर, गुलाल की गंगा-जमुनी संस्कृति भी एक-दूसरे के पूरक रहे हैं । अभी जल्दी ही बहुत कुछ इतिहास बन चुका है । अभी आगे बहुत कुछ इतिहास बन जाएगा । फिर भी कुछ बचा है जो सिर्फ़ काशी में है । काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है । काशी में मरण भी मंगल माना गया है । काशी आनंदकानन है । सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा ।

(i) गद्यांश के अनुसार काशी में कौन एक-दूसरे के पूरक रहे हैं ? 1

(a) गंगा और बाबा विश्वनाथ (b) बाबा विश्वनाथ और त्रिशूल
(c) बिस्मिल्ला खाँ और गंगा (d) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ

(ii) 'काशी में मरण भी मंगल माना गया है' – का आशय है – 1

(a) काशी में मृत्यु का उत्सव मनाया जाता है ।
(b) पुराणों के अनुसार काशी मृत्यु नगरी है ।
(c) मान्यता है कि काशी में मृत्यु मोक्ष-दायिनी है ।
(d) काशी में मृत्यु के अवसर पर मंगलगीत गाए जाते हैं ।

(iii) निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए । 1

**कथन :**

(क) बिस्मिल्ला खाँ धार्मिक सौहार्द्र के प्रतीक थे ।

(ख) काशी में गंगा-जमुनी संस्कृति के दर्शन होते हैं ।

(ग) काशी में खान-पान की सारी परंपराएँ लुप्त हो गई हैं ।

**विकल्प :**

(a) कथन (क) सही है ।

(b) कथन (ख) और (ग) सही हैं ।

(c) कथन (क) और (ख) सही हैं ।

(d) कथन (क) और (ग) सही हैं ।

(iv) 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं ? 1

(a) मुहर्रम – ताजिया, होली-दीवाली जैसे अवसरों पर सामूहिकता

(b) विभिन्न धार्मिक समुदायों का आपसी सामंजस्य

(c) अलग-अलग संप्रदायों की उत्सवधर्मिता

(d) संगीत, कलाओं एवं साहित्य का ताना-बाना

(v) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर काशी के विषय में कौन-सा कथन <u>असत्य</u> है ? 1

(a) वहाँ की साहित्य, संगीत, संस्कृति की हर परंपरा अब लुप्त हो चुकी है ।

(b) काशी की आत्मा संगीत में बसती है ।

(c) वहाँ के हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सदा से भाईचारे की भावना रही है ।

(d) बिस्मिल्ला खाँ को काशी से अगाध प्रेम था, उन्होंने उसकी शान बढ़ाई ।

8. गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'लखनवी अंदाज' पाठ के नवाब साहब द्‌वारा लेखक की तरफ उत्सुकता नहीं दिखाई जाने के कारणों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए – 1

**कारण :**

(क) दूसरे दर्जे में सफर करते देखे जाने की हिचक रही होगी

(ख) खीरे जैसी साधारण वस्तु के साथ देखे जाने का संकोच

(ग) संभवतः वे भी नई कहानी के विषय में सोचने के लिए एकांत चाहते हों ।

**विकल्प :**

(a) इनमें से कोई भी नहीं ।

(b) केवल (क) और (ख)

(c) (क), (ख) और (ग) तीनों ।

(d) केवल (ग)

(ii) अपने पुत्र की मृत्यु पर बालगोबिन भगत ने क्या किया ? 1

(a) फूल और तुलसीदल बिखरा दिया, कबीर के पद गाए, सबके गले लगकर रोए ।

(b) फूट-फूट कर रोए, कबीर के पद गाए, दीप जलाया ।

(c) फूल और तुलसीदल नोचकर फेंक दिए, कबीर के पदों को पढ़ना छोड़ दिया, लोगों के साथ गले मिल रोए ।

(d) फूल और तुलसीदल बिखरा दिया, शव के सिरहाने दीप जलाया, कबीर के पद गाए ।

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों से सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

तब भी कहते हो – कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे – यह गागर रीती ।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले –
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले ।
यह विडंबना ! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं ।
भूले अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं ।
उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ; मधुर चाँदनी रातों की ।
अरे खिल-खिलाकर हँसते होने वाली उन बातों की ।
मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया ।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया ।

(i) अपने बीते हुए जीवन को कवि किस रूप में देख रहा है ? 1

(a) विशद और विस्तृत
(b) सरल और सामान्य
(c) समृद्ध और सबल
(d) दुखद और करुण

(ii) जीवन-गाथा नहीं सुनाने के पीछे कौन-सा कारण मुख्य है ? 1

(a) उनको भय है कि लोग उनकी कमज़ोरियों पर हँसेंगे ।

(b) विनम्र स्वभाववश अपनी जीवन-कथा को आम आदमी की कथा मानना ।

(c) उनके जीवन के खालीपन से दूसरे सुख पाएँगे ।

(d) उनके जीवन की व्यथा सबको भावुक बना देगी ।

(iii) 'उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ' – पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि किस गाथा को उज्ज्वल कहा गया है ? 1

(a) विगत जीवन की स्मृतियों को

(b) मित्रों के साथ व्यतीत समय-गाथा को

(c) प्रेयसी / पत्नी के साथ व्यतीत मधुर स्मृतियों को

(d) साहित्यिक गोष्ठियों में की जाने वाली चर्चा को

(iv) 'देखोगे – यह गागर रीती' – पंक्ति में प्रयुक्त 'गागर रीती' से क्या अभिप्राय है ? 1

(a) गागर का रिक्त होना (b) विशिष्ट उपलब्धियों का न होना

(c) साहित्यिक रचनाओं का न होना (d) विगत जीवन में सुख का न होना

(v) उपर्युक्त काव्यांश का मुख्य भाव है – 1

(a) जीवन के यथार्थ एवं अभाव पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति

(b) आत्मकथा न लिखने के कारणों का उल्लेख

(c) मित्रों के मधुर – कटु व्यवहार का उल्लेख

(d) प्रेयसी / पत्नी के साथ व्यतीत मधुर पलों की अभिव्यक्ति

10. पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 1 = 2**

(i) सूरदास के पदों के आधार पर उद्धव हैं – 1

(a) निर्गुण ब्रह्म के उपासक, कृष्ण-सखा, योग के विरोधी

(b) सगुण ईश्वर के भक्त, कृष्ण-सखा, योग के प्रचारक

(c) निर्गुण ब्रह्म के उपासक, कृष्ण सखा, योग-मार्गी

(d) निर्गुण ईश्वर के विरुद्ध, सगुण-कृष्ण के भक्त, योग-मार्गी

(ii) मुख्य गायक द्वारा 'अंतरे' की जटिल तानों के जंगल में खोने पर संगतकार 'स्थायी' को किस प्रकार सँभालता है ? 1

(a) पीछे छूटे हुए सामान की तरह (b) उसे ढाढ़स बँधाकर

(c) उसके स्वर में स्वर मिलाकर (d) वाद्य यंत्रों की ध्वनि ऊँची कर

## खंड – 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्वतंत्रता आंदोलन के आखिरी चरण के परिदृश्य का वर्णन कीजिए जिनमें कोई दो बिंदु अवश्य शामिल हों ।

(ख) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए कि नेताजी की मूर्ति पर लगे असली चश्मे को देख हालदार साहब के मन में क्या विचार आया ?

(ग) बालगोबिन भगत के प्रति लेखक क्यों आकृष्ट था ? – पाठ के आधार पर किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(घ) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए कि 'संस्कृत व्यक्ति' कौन होता है ? उसकी खूबियों पर टिप्पणी कीजिए ।

12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(क) सूर की गोपियाँ सच्चा राजधर्म किसे बता रही हैं ? उनके अनुसार कृष्ण किस प्रकार राजधर्म का पालन नहीं कर रहे हैं ?

(ख) परशुराम शिव धनुष टूटने पर इतने अधिक क्रोधित क्यों हो गए ? शिव धनुष तोड़ने वाले के प्रति उनकी प्रतिक्रिया क्या थी ? 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' प्रसंग के आधार पर लिखिए।

(ग) आपने अपने पाठ्यक्रम में किस कविता में अन्न उपजाने की पूरी प्रक्रिया पढ़ी है ? उस प्रक्रिया का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(घ) बादलों से संबंधित किन बिंबों का प्रयोग 'उत्साह' कविता में है ?

13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

(क) "बच्चों के सुख–दुख, झगड़े–खेल क्षणिक होते हैं।" – इस कथन का आशय स्पष्ट करते हुए 'माता का अँचल' पाठ के किन्हीं दो उदाहरणों के संदर्भ से इस कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए।

(ख) 'साना–साना हाथ जोड़ि' में प्रकृति की किस अखंडित संपूर्णता से लेखिका का साक्षात्कार होता है ? वह संपूर्णता आवश्यक क्यों है ? उसे नुकसान पहुँचाकर मनुष्य क्या गलत कर रहा है ?

(ग) हिरोशिमा जाने पर लेखक को क्या महसूस हुआ ? हिरोशिमा की घटना पूरी मानव जाति के लिए एक सबक के समान क्यों है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए : **$1 \times 6 = 6$**

(क) बुजुर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी

संकेत बिंदु – • हमारे समाज में बुजुर्गों की वर्तमान स्थिति • बुजुर्गों के प्रति वर्तमान स्थिति के कारण • बतौर समुदाय हमारी जवाबदेही • आपके द्वारा बदलाव के कुछ सुझाव

(ख) उम्मीद पर दुनिया कायम

संकेत बिंदु – • जीवन में कठिन दौर और उसका सामाना • पराजय और संघर्ष की अनिवार्यता • हार के बाद भी आशा की किरण बने रहना • जब तक उम्मीद है तब तक अंत नहीं

(ग) 'परहित सरिस धर्म नहीं'

संकेत बिंदु – • दूसरों का हित करना • परहित में क्या–क्या शामिल ? • परहित क्यों धर्म है ? • परहित से लाभ और सुझाव

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) आपका नाम रमैया / रौशन है । आप अपने विद्यालय की तरफ से किसी बड़े शहर की शैक्षणिक यात्रा पर गए हैं । यात्रा से लौटकर उसकी जानकारी देते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ख) आप 27/6-बी, क.ख.ग. नगर के निवासी राधेश्याम/रुक्मिणी हैं । आपके मोहल्ले में बहुत से आवारा पशु घूमते रहते हैं । उनकी वजह से न सिर्फ मोहल्लेवासियों को कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है बल्कि वे पशु भी कई समस्याओं से ग्रस्त रहते हैं । नगरपालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस समस्या की जानकारी दीजिए और उचित कदम उठाने का अनुरोध कीजिए ।

16. (क) जड़ी-बूटियों से दंत-मंजन बनाने वाली कंपनी 'अ.ब.स.' को अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार और बिक्री को बढ़ाने हेतु घर-घर जाकर संपर्क करने वाले कुछ नवयुवकों और नवयुवतियों की आवश्यकता है । अपनी शैक्षणिक योग्यता, रुचि और अनुभव का विवरण देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप जुबैर आलम / जोया मलिक हैं । हाल ही में आपने एक प्रतिष्ठित वेबसाइट से कुछ कपड़ें मँगाए थे । उन कपड़ों में कई समस्याएँ हैं पर अब वह वेबसाइट उसे वापस नहीं ले रही । इस पूरी समस्या को स्पष्ट करते हुए उस वेबसाइट के उपभोक्ता संपर्क विभाग को लगभग **80** शब्दों में ईमेल लिखिए ।

17. (क) जल संकट के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए लगभग **60** शब्दों में एक जनहित विज्ञापन तैयार कीजिए । **1 × 4 = 4**

**अथवा**

(ख) आप अनन्य देव / मीना मोहनी हैं और जल्द ही आपके पिताजी की लिखी हुई दसवीं किताब प्रकाशित होने वाली है । उन्हें बधाई और शुभकामना का एक संदेश **60** शब्दों में लिखिए ।

**Series Z1YXW/2**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 3/2/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । खण्ड अ में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और खण्ड ब में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii) **खण्ड अ** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv) **खण्ड ब** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

छठ इस संसार में अपनी तरह का ऐसा पर्व है, जो अपनी व्यंजना में बहुआयामी है । सूर्य इस त्योहार का केंद्र है । सूर्य जीव-जगत के आधार हैं । सूर्य के बिना कोई भी भोग-उपभोग संभव नहीं है । अतः सूर्य के प्रति आभार प्रदर्शन के लिए छठ या सूर्य षष्ठी व्रत मनाया जाता है, तो कोई आश्चर्य नहीं । सूर्य उन क्षेत्रों के लिए सबसे उपयोगी है, जहाँ पानी की उपलब्धता ज्यादा है । पूर्वांचल में नदियों का जाल बिछा है, ऐसे में सूर्य का ताप लेना जीवन के लिए सबसे जरूरी हो जाता है । हमारी सूर्य-केंद्रित संस्कृति कहती है कि वही उगेगा, जो डूबेगा । अतः छठ में पहले दिन डूबते और फिर दूसरे दिन उगते सूर्य की पूजा स्वाभाविक है ।

नीरोग रहने के लिए भी सूर्य की बड़ी जरूरत है । सूर्य के ताप में रोगनाशक शक्ति है । अक्सर लोग छठ महापर्व के समय स्वास्थ्य को लेकर भी प्रार्थना करते हैं । जब कोरोना का उभार हुआ था, तब लोग आश्वस्त थे कि एक बार सूर्य की तपन बढ़ेगी, तो कोरोना वायरस नष्ट हो जाएगा । यह जो भ्रम था, वह सूर्य के प्रति हमारी आस्था का ही परिणाम था । यह भी सत्य है कि सूर्य के प्रति हमारी आशा का कोई विकल्प भी नहीं है । सूर्य के बिना भारत की जैव-विविधता, जीवन और स्वास्थ्य का मेल नहीं बन सकता । आधुनिक जीवन की मज़बूरी में जब अक्षय-ऊर्जा की बात होती है, तब लोगों की नजर सूर्य की ओर ही जाती है । अर्थात् किन्हीं अर्थों में सूर्य हमारा अतीत ही नहीं, भविष्य भी है ।

(i) सूर्य षष्ठी व्रत क्यों मनाया जाता है ?

(a) भगवान सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए

(b) प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए

(c) नदियों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए

(d) देवी-देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए

(ii) 'वही उगेगा, जो डूबेगा' पंक्ति का आशय है :

(a) उदय और अस्त होना एक-दूसरे से जुड़े हैं ।

(b) उदय होने के लिए अस्त होना जरूरी है ।

(c) असफलताओं का भी सफलता में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है ।

(d) सफलता का महत्त्व असफल व्यक्ति ही समझ सकता है ।

(iii) ताप के अतिरिक्त भी सूर्य की आवश्यकता क्यों है ?

(a) प्रकृति के लिए

(b) लंबे जीवन के लिए

(c) नीरोगी जीवन के लिए

(d) प्रकाश के लिए

(iv) कोरोना वायरस के नष्ट होने के संदर्भ में लोगों का क्या विश्वास था ?

(a) वैज्ञानिक कोरोना वायरस की औषधि ढूँढ़ लेंगे ।

(b) सूर्य के बढ़ते ताप से कोरोना वायरस नष्ट हो जाएगा ।

(c) सूर्य के बढ़ते ताप से कोरोना वायरस अप्रभावित रहेगा ।

(d) कोरोना वायरस धीरे-धीरे स्वयं ही नष्ट हो जाएगा ।

(v) 'अक्षय ऊर्जा' से क्या अभिप्राय है ?

(a) ऊर्जा का ऐसा स्रोत जो कभी नष्ट न हो

(b) ऊर्जा का ऐसा स्रोत जो लंबे समय तक चले

(c) ऊर्जा का ऐसा स्रोत जो कम खर्चीला हो

(d) ऊर्जा का ऐसा स्रोत जो प्रकृति-प्रदत्त हो

**2.** निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी ***एक*** को ध्यान से पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :

(I) सँभलो कि सुयोग न जाय चला, *5×1=5*
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला
समझो जग को न निरा सपना
पथ आप प्रशस्त करो अपना
अखिलेश्वर है अवलंबन को
नर हो, न निराश करो मन को ।

जब प्राप्त तुम्हें सब तत्त्व यहाँ
फिर जा सकता वह सत्त्व कहाँ
तुम स्वत्त्व सुधा रस पान करो
उठके अमरत्व विधान करो
दवरूप रहो भव कानन को
नर हो न निराश करो मन को ।

निज गौरव का नित ज्ञान रहे
हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे
मरणोत्तर गुंजित गान रहे
सब जाय अभी पर मान रहे
कुछ हो न तजो निज साधन को
नर हो, न निराश करो मन को ।

प्रभु ने तुमको कर दान किए,
सब वांछित वस्तु विधान किए
तुम प्राप्त करो उनको न अहो
फिर है यह किसका दोष कहो
समझो न अलभ्य किसी धन को
नर हो, न निराश करो मन को ।

(i) प्रस्तुत पद्यांश में मनुष्य को किस हेतु प्रेरित किया गया है ?

(a) मन को एकाग्र करने हेतु
(b) शरीर को स्वस्थ रखने हेतु
(c) मन को आशान्वित रखने हेतु
(d) ईश्वर के शरण में जाने हेतु

(ii) 'पथ आप प्रशस्त करो अपना' का आशय है :

(a) जीवन का मार्ग ईश्वर दिखाएँ
(b) जीवन का मार्ग माता-पिता सुझाएँ
(c) जीवन का मार्ग स्वयं बनाएँ
(d) जीवन का मार्ग मित्र बताएँ

(iii) पद्यांश में 'मृत्यु के उपरांत भी कीर्ति बनी रहे'
इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है :

(a) निज गौरव का नित ज्ञान रहे
(b) सब जाय अभी पर मान रहे
(c) हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे
(d) मरणोत्तर गुंजित गान रहे

(iv) पद्यांश में किन चीज़ों को प्राप्त नहीं करने के लिए मनुष्य को दोषी माना गया है ?

(a) प्रकृति से उपलब्ध सुविधाओं को
(b) भाग्य से प्राप्त वरदानों को
(c) मनोवांछित वस्तुओं को
(d) अलभ्य, परिश्रम से प्राप्त वस्तुओं को

(v) 'प्रभु ने तुमको कर दान किए' पंक्ति के द्वारा कवि क्या प्रेरणा देता है ?

(a) आलसी बने रहने के लिए
(b) परिश्रम करने के लिए
(c) भाग्य पर आश्रित रहने के लिए
(d) चलने-फिरने के लिए

**अथवा**

(II) इतनी साधारण चीज़ें वहाँ थीं जिन्हें कभी का भुला दिया गया था *5×1=5*
चिड़िया के आकार की वह सीटी वहाँ थी
जिसमें आधा पानी भरकर बजाओ तो बुलबुल की तरह बोलती थी
कॉलेज के दिनों में मैं पेड़ों के झुरमुट में छिपकर उसे बजाता था

बचपन की एक फोटो में मैं जिस तीन पहिए की साइकिल पर बैठा था
वो साइकिल वहाँ पड़ी थी धूल से अटी हुई
उसका एक पहिया निकल गया था और रंग उखड़ गया था जगह-जगह से
घिस-घिसकर इतनी छोटी हो चुकी पेंसिलें थीं कि जिन्हें
और अधिक छीला जाना संभव नहीं था

वहाँ बचपन की ड्राइंग कॉपियाँ थीं जिनके हर चित्र में
पेड़ हरे थे और उगता हुआ सूरज था
तब शायद हमने नहीं सोचा था कि हमारी दुनिया में
इतना अँधेरा भी होगा कभी

बरसों पहले खो चुके खिलौने थे
पतंगें थीं, उनकी घिर्रियाँ थीं माँझे और डोर से भरी हुई
वहाँ कुछ पुरानी घड़ियाँ थीं जिनके बारे में कहा जाता था
कि वे चोरी चली गई थीं
उनमें वो समय अभी तक ठहरा हुआ था

(i) प्रस्तुत पद्यांश किस विषय पर केंद्रित है ?
- (a) बचपन
- (b) स्मृतियों
- (c) साधारण वस्तुओं
- (d) इतिहास

(ii) वहाँ मौजूद वस्तुओं को 'साधारण' क्यों कहा जा रहा था ?
- (क) वे सारी पुरानी और अनुपयोगी थीं ।
- (ख) उन्हें आसानी से विस्मृत कर दिया गया ।
- (ग) वे सभी बेहद कम मूल्य की थीं ।

उपर्युक्त विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :
- (a) केवल (क)
- (b) केवल (ख)
- (c) (क) और (ख)
- (d) (ख) और (ग)

(iii) "तब शायद हमने नहीं सोचा था कि हमारी दुनिया में
इतना अँधेरा भी होगा कभी"
इन पंक्तियों में अँधेरे से आशय है :
- (a) निराशा
- (b) अन्याय
- (c) बुराई
- (d) रात

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन (A) :* वहाँ कुछ पुरानी घड़ियाँ थीं जिनमें समय अभी तक ठहरा हुआ था ।

*कारण (R) :* घड़ियाँ चोरी चली गई थीं ।

(a) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है ।

(b) कथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं ।

(v) घड़ियों में समय अभी तक ठहरा हुआ है क्योंकि :

(a) घड़ियों की बैटरी खराब हो गई है, समय रुक गया है ।

(b) अतीत के उस कालखंड की स्मृतियाँ ठहरी हुई हैं ।

(c) घड़ियाँ चोरी होकर कवि के भावात्मक दायरे से बाहर हो गईं ।

(d) घड़ियाँ पुरानी हैं, बदलते वक्त में उनका महत्त्व है ।

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) स्तंभ I और स्तंभ II को सुमेलित कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | *स्तंभ I* | | *स्तंभ II* |
|---|---|---|---|
| (अ) | अमीरुद्दीन का जन्म एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ था । | (I) | मिश्र वाक्य |
| (ब) | अमीरुद्दीन सिर्फ छह साल का है और बड़ा भाई शम्सुद्दीन नौ साल का । | (II) | सरल वाक्य |
| (स) | बालाजी का जो मंदिर है, वहीं से दिन की शुरुआत होती है । | (III) | संयुक्त वाक्य |

***विकल्प :***

| | **(अ)** | **(ब)** | **(स)** |
|---|---|---|---|
| (a) | (III) | (II) | (I) |
| (b) | (I) | (II) | (III) |
| (c) | (II) | (III) | (I) |
| (d) | (II) | (I) | (III) |

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए :

(क) कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं ।

(ख) बालगोबिन भगत मँझोले कद के आदमी थे जो बहुत कम कपड़े पहनते थे ।

(ग) ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया ।

(घ) अब बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानी वाली थी ।

***विकल्प :***

(a) केवल कथन (क) सही है ।

(b) कथन (ख) और (ग) सही हैं ।

(c) कथन (ग) और (घ) सही हैं ।

(d) कथन (क), (ख) और (ग) सही हैं ।

(iii) 'वे दिल्ली में बीमार रहे और मुझे पता नहीं चला' — इसका सरल वाक्य होगा :

(a) वे दिल्ली में जब बीमार थे तब मुझे पता नहीं चला ।

(b) वे दिल्ली में आकर बीमार हो गए और मुझे पता ही नहीं चला ।

(c) यूँ तो दिल्ली में बीमार होने पर भी किसी को पता नहीं चलता है ।

(d) उनके दिल्ली में बीमार रहने का पता नहीं चला ।

(iv) 'वे अपने अभिन्न मित्र को उन चिट्ठियों को दिखाते थे' — इसका मिश्र वाक्य होगा :

(a) जो उनके अभिन्न मित्र थे उन्हें वे उन चिट्ठियों को दिखाते थे ।

(b) उनके अभिन्न मित्र को वे चिट्ठियाँ दिखाते थे ।

(c) अपने अभिन्न मित्र को वे चिट्ठियाँ दिखाया करते थे ।

(d) अपने अभिन्न मित्र को वे उन चिट्ठियों को दिखाना जरूरी समझते थे ।

(v) 'बहुत सुंदर है मेरी जन्मभूमि – रेम्सचैपल' — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(a) मेरी जन्मभूमि रेम्सचैपल है और वह बहुत सुंदर है ।

(b) रेम्सचैपल बहुत सुंदर है जो कि मेरी जन्मभूमि है ।

(c) बहुत सुंदर रेम्सचैपल मेरी जन्मभूमि है ।

(d) मेरी जन्मभूमि रेम्सचैपल है जो बहुत सुंदर है ।

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ऋतुराज ने स्त्री-जीवन को अपनी कविताओं का केंद्र बनाया है ।' — इसका कर्मवाच्य में रूप होगा :

(a) ऋतुराज से स्त्री-जीवन की कविताएँ लिखी गईं ।

(b) ऋतुराज द्वारा स्त्री-जीवन को अपनी कविताओं का केंद्र बनाया गया ।

(c) ऋतुराज ने स्त्री-जीवन को अपनी कविताओं का केंद्र बनवाया ।

(d) ऋतुराज स्त्री-जीवन के केंद्र में अपनी कविताओं की रचना करते थे ।

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(a) बालगोबिन भगत अपने खेत में रोपनी कर रहे थे ।

(b) बालगोबिन भगत अपने खेत में रोपनी करवा रहा था ।

(c) बालगोबिन भगत ने अपने खेत में रोपनी की ।

(d) बालगोबिन भगत द्वारा अपने खेत में रोपनी की गई ।

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(a) बच्चों से किताब पढ़ी गई ।

(b) राधिका से नहीं दौड़ा गया ।

(c) मुझसे चला नहीं जाता ।

(d) लड़कों से खूब सोया गया ।

(iv) 'चलो, चला जाए ।' — वाक्य का कर्तृवाच्य होगा :

(a) चलो, चलें ।

(b) चलो, चला गया ।

(c) चलते हैं ।

(d) चलो, जाऊँ ।

(v) निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छाँटकर लिखिए :

(a) तुम वहाँ क्यों जाते हो ?

(b) उनसे गीत गाया न गया ।

(c) विपत्ति पड़ने पर उससे रोया नहीं जाता ।

(d) विद्यार्थियों से दौड़ा नहीं जाता ।

**5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** के पद-परिचय के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'वह खिड़की से ऊपर की ओर देख रही थी ।' — रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा :

(a) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – देखना

(b) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – खिड़की

(c) कालवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – देखना

(d) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – देखना

(ii) थोड़ा दूध ले आओ । थोड़ा बोलो । — दोनों वाक्यों के थोड़ा का सामान्य पद-परिचय होगा :

(a) पहला थोड़ा – संख्यावाची विशेषण
दूसरा थोड़ा – रीतिवाचक क्रिया-विशेषण

(b) पहला थोड़ा – अनिश्चित संख्यावाची विशेषण
दूसरा थोड़ा – परिमाणवाची क्रिया-विशेषण

(c) पहला थोड़ा – निश्चित परिमाणवाची विशेषण
दूसरा थोड़ा – अनिश्चित परिमाणवाची क्रिया-विशेषण

(d) पहला थोड़ा – अनिश्चित परिमाणवाची विशेषण
दूसरा थोड़ा – अनिश्चित परिमाणवाची क्रिया-विशेषण

(iii) 'दो-तीन बार वे अपने परिवार से मिलने बेल्जियम गए थे ।' — रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा :

(a) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य, 'वे' कर्ता का क्रिया ।

(b) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्मवाच्य, 'वे' कर्ता का क्रिया ।

(c) सकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य 'वे' कर्ता का क्रिया ।

(d) सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य, 'वे' कर्ता का क्रिया ।

(iv) कलकत्ता शहर बेहद सुंदर है । — रेखांकित शब्द का पद-परिचय होगा :

(a) कलकत्ता – जातिवाचक संज्ञा; बहुवचन, स्त्रीलिंग, करण कारक ।

(b) कलकत्ता – व्यक्तिवाचक संज्ञा; एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक ।

(c) कलकत्ता – व्यक्तिवाचक संज्ञा; बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक, सुंदर है क्रिया का कर्म ।

(d) कलकत्ता – व्यक्तिवाचक संज्ञा; एकवचन, नपुंसकलिंग, कर्ता कारक, सुंदर क्रिया का कर्ता ।

(v) सावधान ! तेज़ बारिश और आँधी की संभावना है । — रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा :

(a) विस्मयादिबोधक अव्यय, विस्मयसूचक

(b) विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्षसूचक

(c) विस्मयादिबोधक अव्यय, चेतावनीसूचक

(d) विस्मयादिबोधक अव्यय, संवेदनासूचक

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति धोर' — इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) श्लेष अलंकार

(b) अतिशयोक्ति अलंकार

(c) उत्प्रेक्षा अलंकार

(d) मानवीकरण अलंकार

(ii) ‘उठ रहा धुआँ, जल गया ताल ।
धँस गए धरा में, समय शाल ।’ — प्रस्तुत पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) श्लेष अलंकार
(b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) उत्प्रेक्षा अलंकार
(d) मानवीकरण अलंकार

(iii) “मानो माई घनघन अंतर दामिनी ।
घन दामिनी दामिनी घन अंतर सोभित हरि-ब्रज भामिनी ।।” — प्रस्तुत पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) श्लेष अलंकार
(b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) उत्प्रेक्षा अलंकार
(d) मानवीकरण अलंकार

(iv) “जो रहीम गति दीप की कुल कपूत की सोय ।
बारे उजियारो करै, बढ़े अंधियारो होय ।”
— प्रस्तुत पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(a) श्लेष अलंकार
(b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) उत्प्रेक्षा अलंकार
(d) मानवीकरण अलंकार

(v) निम्नलिखित में से किस काव्य-पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है ?

(a) जिन दिन देखे वे कुसुम, गई सुबीति बहार ।
(b) कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो ।
(c) मानो झूम रहे हों तरु भी मंद पवन के झोंकों से ।
(d) ऊँचे हैं, लेकिन खजूर से
मुँह है इसलिए कहते हैं ।

**7.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

चलते ही मैं दो-एक बार उनके कोप से बच गई थी । एक बार कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिता जी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिता जी आग-बबूला । "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर ! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया ।" गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे । लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई । माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना । लेकिन जब माँ ने आकर कहा कि वे तो खुश ही हैं, चली चल, तो विश्वास नहीं हुआ । गई तो सही, लेकिन डरते-डरते । "सारे कॉलिज की लड़कियों पर इतना रौब है तेरा... सारा कॉलिज तुम तीन लड़कियों के इशारे पर चल रहा है ? प्रिंसिपल बहुत परेशान थी और बार-बार आग्रह कर रही थी कि मैं तुझे घर बिठा लूँ, क्योंकि वे लोग किसी तरह डरा-धमकाकर, डाँट-डपटकर लड़कियों को क्लासों में भेजते हैं और अगर तुम लोग एक इशारा कर दो कि क्लास छोड़कर बाहर आ जाओ तो सारी लड़कियाँ निकलकर मैदान में जमा होकर नारे लगाने लगती हैं । तुम लोगों के मारे कॉलिज चलाना मुश्किल हो गया है उन लोगों के लिए ।" कहाँ तो जाते समय पिता जी मुँह दिखाने से घबरा रहे थे और कहाँ बड़े गर्व से कहकर आए कि यह तो पूरे देश की पुकार है... इस पर कोई कैसे रोक लगा सकता है भला ?

(i) कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आने पर लेखिका के पिता के क्रोध का कारण था :
- (a) प्रिंसिपल के सम्मुख जाना और उनकी बातें सुनना
- (b) लेखिका के कारण प्रिंसिपल के सामने लज्जित होने की आशंका
- (c) लेखिका को कॉलिज से निष्कासित किए जाने की आशंका
- (d) लेखिका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की आशंका

(ii) लेखिका पड़ोस की मित्र के यहाँ जाकर क्यों बैठ गई ?
- (a) मित्र के साथ गपशप करने के लिए
- (b) परीक्षा की तैयारी करने के लिए
- (c) कॉलिज का कार्य पूरा करने के लिए
- (d) पिता के कोप से बचने के लिए

(iii) 'गुबार निकल जाए, तब बुलाना' — पंक्ति का अर्थ है :
- (a) हवा शांत होने पर बुलाना
- (b) पिता जी के चले जाने पर बुलाना
- (c) क्रोध शांत होने पर बुलाना
- (d) मन प्रसन्न होने पर बुलाना

(iv) कॉलिज से लौटने पर लेखिका के पिता की प्रसन्नता का कारण था :

(a) कॉलिज की लड़कियों पर पुत्री का बढ़ता प्रभाव

(b) कॉलिज में पुत्री का किसी के नियंत्रण में न होना

(c) कॉलिज की प्रिंसिपल द्वारा पुत्री को क्षमा कर दिया जाना

(d) कॉलिज में पुत्री द्वारा नए कीर्तिमान स्थापित करना

(v) 'यह तो पूरे देश की पुकार है... इस पर कोई कैसे रोक लगा सकता है भला ?' — गद्यांश की यह पंक्ति संकेत करती है :

(a) देश की तत्कालीन आर्थिक परिस्थितियों को

(b) देश की तत्कालीन सांस्कृतिक परिस्थितियों को

(c) देश की तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियों को

(d) देश की तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों को

**8.** निम्नलिखित गद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के कैप्टन के विषय में हालदार साहब ने कौन-सा अनुमान नहीं लगाया ?

(a) वह आज़ाद हिंद फ़ौज का सिपाही रहा होगा ।

(b) वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साथी रहा होगा ।

(c) वह पक्का देशभक्त रहा होगा इसलिए नेताजी की मूर्ति बगैर चश्मे के नहीं देख सकता ।

(d) वह भारतीय सेना का भूतपूर्व सिपाही रहा होगा इसलिए उसका एक पैर भी नहीं है ।

(ii) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर लिखिए कि जो मनुष्य के लिए कल्याणकारी नहीं है, वह :

(a) न सभ्यता है और न संस्कृति ।

(b) न परंपरा है और न रीति-रिवाज ।

(c) न आविष्कार है और न अनुसंधान ।

(d) न खोज है और न प्रयोग ।

**9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !
थक गए हो ?
आँख लूँ मैं फेर ?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मैं न सकता देख
मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान ।

(i) काव्यांश में बच्चे की मुस्कान कैसी बताई गई है ?

(क) मासूम और दूधिया दाँतों को दिखाती
(ख) कठोर से कठोर व्यक्ति में भी कोमलता के भाव उत्पन्न कर देने वाली
(ग) निराश व्यक्ति के मन में भी उत्साह जगाने वाली

उपर्युक्त में सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प है :

(a) केवल (क)
(b) केवल (क) और (ग)
(c) केवल (ख) और (ग)
(d) (क), (ख) और (ग) सभी

(ii) कवि ने नवजात शिशु की तुलना किससे की है ?

(a) कमल के पुष्पों से

(b) शेफालिका के पुष्पों से

(c) बाँस के पुष्पों से

(d) बबूल के पुष्पों से

(iii) "कवि को बच्चा अपरिचय की दृष्टि से एकटक देख रहा है ।" — यह भाव काव्यांश की किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है ?

(a) क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?

(b) तुम मुझे पाए नहीं पहचान ? देखते ही रहोगे अनिमेष !

(c) थक गए हो ? आँख लूँ मैं फेर ?

(d) परस पाकर तुम्हारा ही प्राण, पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

(iv) प्रस्तुत काव्यांश का मूल भाव है :

(a) मातृत्व

(b) वात्सल्य

(c) प्रेम

(d) उम्मीद

(v) 'शेफालिका' के फूलों की क्या विशेषता होती है ?

(a) बच्चे उनके प्रति आकर्षित रहते हैं ।

(b) मज़बूती से डालियों में लगे रहते हैं ।

(c) उनको कोई भी तोड़ नहीं पाता है ।

(d) हल्की हवा से भी झरने लगते हैं ।

**10.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित ***दो*** बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) जयशंकर प्रसाद अपनी आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहते हैं ?

(a) वह एक सामान्य व्यक्ति की भोली कथा है ।

(b) वह कथा दुर्बलताओं से भरी हुई है ।

(c) उसमें दूसरों के दिए धोखे और छल हैं ।

(d) विनम्र स्वभाववश स्वयं को सामान्य मानव मानते हैं ।

(ii) कवि के अनुमानों के आधार पर बताइए कि निम्नलिखित में से 'संगतकार' मुख्य गायक की सहायता किस रूप में नहीं करता ।

(a) मुख्य गायक के छोटे भाई के रूप में

(b) मुख्य गायक के शिष्य के रूप में

(c) मुख्य गायक के दूर के रिश्तेदार के रूप में

(d) मुख्य गायक के बेटे के रूप में

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) बिस्मिल्ला खाँ की एक संगीत साधक के रूप में क्या विशेषताएँ थीं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ख) लेखक की आँखों से देखा गया बालगोबिन भगत की 'प्रभाती' का दृश्य कैसा था ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में चश्मे के बहाने से देशभक्ति की भावना पर किस प्रकार बल दिया गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर लिखिए कि आज के विज्ञान के विद्यार्थियों को लेखक न्यूटन के मुकाबले कहाँ देखता है । उसकी बातों से अपनी सहमति/असहमति तर्कों द्वारा साबित कीजिए ।

**12.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'सूरदास' के पद के आधार पर लिखिए कि 'हारिल पक्षी' के उदाहरण से गोपियाँ अपने बारे में क्या बताना चाहती हैं ।

(ख) आपके पाठ्यक्रम में कौन-सी कविता फागुन के सौंदर्य पर केंद्रित है ? उसका नाम लिखते हुए बताइए कि उसमें कवि के किन मनोभावों का उल्लेख हुआ है ।

(ग) 'लक्ष्मण की बातें परशुराम के गुस्से को और बढ़ा रही थीं ।' — 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' कविता के आलोक में इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(घ) " 'संगतकार' जैसे व्यक्तियों के योगदान पर समाज का उतना ध्यान नहीं गया है और उन्हें यथोचित सम्मान भी नहीं मिला है ।" — इस कथन पर 'संगतकार' कविता के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) " 'साना-साना हाथ जोड़ि' में मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण के साथ-साथ लेखिका की आंतरिक यात्रा का अंकन भी है ।" — पाठ के आधार पर इन दोनों पक्षों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) किसी एक रचनाकार की रचना, प्रेरणा अथवा जीवन किसी दूसरे व्यक्ति को किसी रचना के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आज हमारा जीवन तकनीक और वस्तुओं पर निर्भर हो चला है जबकि भोलानाथ और उसके साथी इन सबसे परे होकर भी अत्यंत प्रसन्न और समृद्ध बचपन को जी रहे थे । आज के बच्चों को एक भरा-पूरा और अनुभव-सम्पन्न बचपन देने के लिए आप क्या सुझाव देंगे ? पाठ के अनुभव के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए : *1×6=6*

(क) मेरे सपनों का देश
- देश और देशवासियों का अनोखा संबंध
- मेरी कल्पनाओं का देश — खूबियाँ और मंज़िलें
- देश-निर्माण में बतौर नागरिक मेरा योगदान
- हमें किन प्रयासों की जरूरत है ?

(ख) ऑनलाइन शिक्षा और शिक्षार्थियों की मूल-भूत आवश्यकताएँ
- शिक्षार्थियों की मूल आवश्यकताएँ
- ऑनलाइन माध्यम : पहुँच और सीमाएँ
- किन मूल आवश्यकताओं की पूर्ति ऑनलाइन से असंभव
- उससे मिला सबक

(ग) दूर के ढोल सुहावने लगते हैं

- दूर से कोई वस्तु/बात आकर्षक प्रतीत होती है
- अनजाने/अपरिचय का आकर्षण और जानने से उत्पन्न परेशानी
- दूर का आकर्षण नजदीक की समस्या
- सोच-समझकर किसी आकर्षण को अपनाना

**15.** (क) आप मानव कुमार/मानसी कुमारी हैं । आपने अपने घर में 'नूतन टेलीकॉम' का 'वाई-फाई' लगवाया है । आए दिन वह खराब होता है । उस कंपनी के 'ग्राहक सेवा' से भी आपको मदद नहीं मिल रही है और आप रोज़ परेशान हो रहे/रही हैं । स्थानीय अख़बार के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिख कर अपनी समस्या पर कंपनी का ध्यान आकर्षित कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप लक्षिता/लक्ष्य हैं । आप उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाली/वाले हैं । इस बात से आपकी माँ भावनात्मक रूप से बेहद परेशान हैं । उनको समझाते हुए और अपने भविष्य के सपनों के बारे में बताते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) सौंदर्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी 'सौंदर्या' को अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार और बिक्री बढ़ाने हेतु कुछ नवयुवक-नवयुवतियों की आवश्यकता है जो घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर सके । अपनी योग्यता, रुचि और अनुभव का परिचय देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम शाश्वत/शाश्वती है । आपने ऑनलाइन खरीदारी में 'मनोकाम' वेबसाइट से एक घड़ी मँगवाई थी । दो महीने में ही घड़ी ने काम करना बंद कर दिया । कंपनी के 'ग्राहक सेवा' को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर शिकायत कीजिए और उचित मुआवज़े की माँग भी कीजिए । *5*

**17.** (क) स्वच्छता के प्रचार-प्रसार के लिए एक जनहितकारी विज्ञापन प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आपका नाम सीमा पटेल/महेश कुलकर्णी है । आपके चाचा अपने पैतृक-गाँव में जाकर बच्चों के लिए एक विद्यालय शुरू कर रहे हैं । उनके इस कार्य की सफलता हेतु लगभग 60 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए । *4*

**Series Z1YXW/4**

**SET ~ 1**

*रोल नं.*

**प्रश्न-पत्र कोड 3/4/1**

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।* #

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

| **नोट :** |
|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं। |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं। |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

1. *इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **17** है। **सभी प्रश्न** अनिवार्य हैं।*
2. *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – खंड **'अ'** और **'ब'**। खंड **'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और खंड **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।*
3. *खंड **'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **49** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
4. *खंड **'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
5. *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*
6. *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खंड 'अ' (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनियाभर में बढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक खेती एक उपचारक भूमिका निभा सकती है। गौरतलब है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राकृतिक खेती बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही है। धीरे-धीरे दक्षिण, मध्य भारत और उत्तर भारत में भी यह किसानों में लोकप्रिय हो रही है। अब किसानों ने जैविक खेती को एक सशक्त विकल्प के रूप में अपना लिया है। गौरतलब है कि जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ भारतीय किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। धीरे-धीरे जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। जैविक बीज, जैविक खाद, पानी, किसानी के यंत्रों आदि की आसानी से उपलब्धता जैविक खेती की लोकप्रियता को और अधिक बढ़ा सकती है।

प्राकृतिक खेती को लेकर अनुसंधान भी बहुत हो रहे हैं। किसान नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। इससे कृषि वैज्ञानिक भी प्राकृतिक खेती को लेकर अधिक उत्साहित हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जैविक या प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से पर्यावरण, खाद्यान्न, भूमि, इंसान की सेहत, पानी की शुद्धता को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों और समस्याओं की जानकारी न होने की वजह से किसान इनका प्रयोग काफी ज्यादा करने लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ सिक्किम में प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को जितनी मदद मिली है उससे साफ़ हो गया है कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

**(i)** आज जैविक खेती की माँग क्यों बढ़ती जा रही है?

(a) सस्ती होने के कारण

(b) अधिक उत्पादन के कारण

(c) स्वच्छ पर्यावरण के कारण

(d) सरकारी मदद मिलने के कारण

**(ii)** सही कथन का चयन कीजिए –

(a) उत्तर भारत में जैविक खेती के लिए प्रेरणा की जरूरत है।

(b) पूर्वोत्तर राज्यों में जैविक खेती के प्रति अधिक उत्साह है।

(c) लोगों में प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी का अभाव है।

(d) प्राकृतिक खेती के लिए विश्वविद्यालय से शिक्षित होना जरूरी है।

**(iii)** जैविक खेती को किसानों की पहली पसंद बनाने के लिए क्या करना चाहिए ?

(a) रासायनिक खेती निषिद्ध की जानी चाहिए।

(b) बाज़ार में केवल जैविक उत्पादों की बिक्री होनी चाहिए।

(c) युवकों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए।

(d) जैविक बीज़, खाद, किसानी के यंत्र आदि सुविधाएँ उपलब्ध करवानी चाहिए।

(iv) वर्तमान समय में खेती के लिए, अनुसंधानों में बढ़ोतरी किसके बारे में हुई है?

(a) जैविक खेती
(b) रासायनिक खाद
(c) नई-नई दवाइयाँ
(d) नए बीज

(v) किसान कीटनाशकों और रासायनिक खादों का अधिक प्रयोग क्यों करने लगे हैं?

(a) सहज उपलब्धता के कारण
(b) दुष्प्रभावों की जानकारी न होने के कारण
(c) अधिक प्रचार-प्रसार के कारण
(d) सस्ती होने के कारण

**2.** निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी **एक** पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

**पद्यांश – एक**

भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,
मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे।
घृणा-स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,
सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे।
प्रगति और विज्ञान का नाम लेकर,
मनुज को मनुज आज ठगने लगे हैं।
नई आर्थिक दौड़ की रोशनी में,
हमें मूल्य सब झूठ लगने लगे हैं।
मगर बात इतनी सुनो विश्व वालो,
इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे।
सही या ग़लत रह गया क्या कहीं कुछ,
ज़रा भी उचित और अनुचित नहीं कुछ ।
सुनो इस क़दर स्वार्थ टकरा रहे हैं,
पतन की नहीं और सीमा रही कुछ।
मगर हम उठेंगे प्रलय मेघ बनकर,
कठिन दुर्ग पाखंड के सब ढहेंगे।
बताना हमें सत्य सारे जगत को,
जगाना हमें सुप्त इंसानियत को।
करेगा ज़माना सदा गर्व हम पर,
हमें खोजना एकता के अमृत को।
भले ही किसी राह जाए ज़माना,
मगर हम सही राह थामे रहेंगे।

**(i)** कवि को विश्वास है कि

(a) वह अंधकार को उजाले में बदलेगा ।

(b) वह पुराने को नए में बदलेगा ।

(c) वह रात को शाम में बदलेगा ।

(d) वह दु:ख को सुख में बदलेगा ।

**(ii)** जीवन–मूल्यों के कमज़ोर पड़ने का कारण है

(a) अंधी दौड़ ।

(b) वैज्ञानिक दौड़ ।

(c) विदेश की दौड़ ।

(d) आर्थिक दौड़ ।

**(iii)** भारत की किस विशेषता पर पूरा विश्व गर्व करेगा?

(a) अहिंसक प्रवृत्ति

(b) वैज्ञानिक प्रगति

(c) ऐतिहासिक ज्ञान

(d) एकता की भावना

**(iv)** 'किसी का अंधानुकरण न करके अपने लिए सही मार्ग का चयन करेंगे' – यह भाव कविता की किन पंक्तियों में आया है?

(a) भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,
मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे

(b) घृणा–स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,
सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे

(c) भले ही किसी राह जाए ज़माना,
मगर हम सही राह थामे रहेंगे

(d) मगर बात इतनी सुनो विश्व वालो,
इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे

**(v)** 'कठिन दुर्ग पाखंड के सब ढहेंगे' – काव्य पंक्ति का आशय है :

(a) समाज से भेदभाव का नाश होगा

(b) लोगों में स्वार्थ भावना का अंत होगा

(c) समाज से आडंबरों का नाश होगा

(d) अंधविश्वास रूपी किलों का पतन होगा

**अथवा**

## पद्यांश – दो

**5×1=5**

सुनता हूँ, मैंने भी देखा,
काले बादल में रहती चाँदी की रेखा।
काले बादल जाति द्वेष के,
काले बादल विश्‍व क्लेश के,
काले बादल उठते पथ पर
नव स्वतंत्रता के प्रवेश के!
सुनता आया हूँ, है देखा,
काले बादल में हँसती चाँदी की रेखा!
आज दिशा है घोर अँधेरी
नभ में गरज रही रणभेरी,
चमक रही चपला क्षण-क्षण पर
झनक रही झिल्ली झन-झन कर,
नाच-नाच आँगन में गाते केकी-केका
काले बादल में लहरी चाँदी की रेखा!
काले बादल, काले बादल,
मन भय से हो उठता चंचल।
कौन हृदय में कहता पल-पल
मृत्यु आ रही साजे दल बल!
आग लग रही, घात चल रहे, विधि का लेखा!
काले बादल में छिपती चाँदी की रेखा!
मुझे मृत्यु की भीति नहीं है,
पर अनीति से प्रीति नहीं है,
यह मनुजोचित रीति नहीं है,
जन में प्रीति प्रतीति नहीं है!
देश जातियों का कब होगा,
नव मानवता में रे एका,
काले बादल में कल की
सोने की रेखा!

**(i)** 'काले बादल' और 'चाँदी की रेखा' किनका प्रतीक हैं? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए नीचे दिए प्रतीकों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

(a) विपत्तियाँ
(b) कालिमा
(c) आशा की किरण
(d) बिजली

**विकल्प –**

I. (a, b) II. (c, d) III. (a, c) IV. (b, d)

**(ii)** स्वतंत्रता प्राप्ति के मार्ग में किस प्रकार के बादल छाए हुए हैं? नीचे दिए गए कारकों को पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

(a) जाति द्वेष के

(b) घनघोर घटाओं के

(c) परस्पर वैमनस्य के

(d) वैश्विक अशांति के

**विकल्प –**

I. (a, b) II. (b, c) III. (c, d) IV. (a, d)

**(iii)** कैसे वातावरण में आशा की किरण छिप जाती है? नीचे दिए कारकों को पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

(a) जब तेज़ वर्षा हो

(b) जब मन निराशा से भयभीत हो

(c) जब षड्यंत्र रचे जा रहे हों

(d) जब बादल न छाए हों

**विकल्प –**

I. (a, b) II. (b, c) III. (c, d) IV. (a, d)

**(iv)** मोर–मोरनी द्वारा आँगन में नृत्य प्रस्तुत करने से क्या अभिप्राय है?

(a) उन दोनों का प्रसन्न होकर नृत्य करना।

(b) निराशा के बादल छँटने लगे, खुशियों ने दस्तक दे दी है।

(c) दोनों नृत्य कर बादलों को बरसने के लिए मज़बूर कर रहे हैं।

(d) मोर सुहावने मौसम का आनंद ले रहे हैं।

**(v)** 'चाँदी की रेखा' को 'सोने की रेखा' में कब बदला जा सकता है?

(a) देश–जातियों की एकता होने पर

(b) काले बादलों के दूर होने पर

(c) बादलों में सूर्य के छिपने पर

(d) मृत्यु से भयभीत न होने पर

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **4×1=4**

**(i)** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य कौन–सा है?

(a) हालदार साहब जब कस्बे से गुजरते तब नेताजी की मूर्ति पर बदले हुए चश्मों को देखते।

(b) ज्ञान–चक्षु खुल गए।

(c) नवाब साहब ने खीरे की तैयारी की और थककर लेट गए।

(d) क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है?

(ii) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य कौन-सा है?
(a) उन्होंने हमें देखकर भी अनदेखा किया।
(b) उन्होंने दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला।
(c) दूर तो जाना नहीं था।
(d) बर्थ पर एक सफ़ेदपोश सज्जन बैठे थे जिन्होंने हमारी संगति के लिए कोई उत्साह नहीं दिखाया।

(iii) निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य होगा :
पानी मुँह में भर आया और उसका घूँट गले से उतर गया।
(a) जब पानी मुँह में भर आया तब उसका घूँट गले से उतर गया।
(b) जैसे ही मुँह में पानी भर आया वैसे ही उसका घूँट गले से उतर गया।
(c) मुँह में पानी भर आया इसलिए पानी का घूँट गले से उतर गया।
(d) मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया।

(iv) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए –
<u>जब भी वे काशी से बाहर रहते,</u> तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते।
(a) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(b) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य
(c) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(d) प्रधान उपवाक्य

(v) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए –
उनकी भाव-भंगिमा से स्पष्ट हो रहा था <u>कि उस प्रक्रिया में वे खीरे का रसास्वादन कर रहे हैं।</u>
(a) प्रधान उपवाक्य
(b) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(c) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य
(d) विशेषण आश्रित उपवाक्य

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **4×1=4**

(i) 'वे हमें भी मामूली लोगों की हरकत में लथेड़ लेना चाहते हैं।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?
(a) कर्तृवाच्य
(b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य
(d) मुख्यवाच्य

**(ii)** 'नवाब साहब द्वारा खीरे पर मसाला छिड़का गया।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

(a) कर्तृवाच्य

(b) भाववाच्य

(c) कर्मवाच्य

(d) मुख्यवाच्य

**(iii)** 'उनसे बर्थ पर सुविधा से बैठा नहीं जा रहा था।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

(a) कर्मवाच्य

(b) भाववाच्य

(c) कर्तृवाच्य

(d) मुख्यवाच्य

**(iv)** 'सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उन्होंने खीरे खरीदे होंगे।'
इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप होगा-

(a) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे गए होंगे।

(b) उन्होंने खीरे, सफ़र का वक्त काटने के लिए ही, खरीदे होंगे।

(c) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनसे खीरे खरीदे जा रहे थे।

(d) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे जाएँगे।

**(v)** निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है?

(a) टिकट सेकंड क्लास का लिया गया।

(b) फाँक को सूँघा गया।

(c) जेब से चाकू निकाला गया।

(d) ऊपर की बर्थ पर चढ़ा नहीं जाता।

**5.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं **चार** पदों के सही पद परिचय वाला विकल्प चुनकर लिखिए - **4×1=4**

''नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताज़े <u>खीरे</u> की <u>पनियाती</u> फाँकें देखकर मुँह में पानी <u>खूब</u> आ रहा था <u>लेकिन</u> <u>वे</u> इनकार कर चुके थे।''

**(i)** खीरे

(a) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

(c) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

**(ii)** पनियाती

(a) गुणवाचक विशेषण, 'फाँकें' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन

(b) गुणवाचक विशेषण, 'खीरे' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन

(c) गुणवाचक विशेषण, 'फाँकें' विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

(d) गुणवाचक विशेषण, 'खीरे' विशेष्य, स्त्रीलिंग, एकवचन

**(iii)** खूब

(a) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'देखकर' क्रिया का विशेषण

(b) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'आ रहा था' क्रिया का विशेषण

(c) स्थानवाचक क्रिया - विशेषण, 'देखकर' क्रिया का विशेषण

(d) रीतिवाचक क्रिया - विशेषण, 'आ रहा था' क्रिया का विशेषण

**(iv)** लेकिन

(a) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्य जोड़ रहा है

(b) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है

(c) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(d) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है

**(v)** वे

(a) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्त्ताकारक

(b) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

(c) निश्चयवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

(d) निश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

**6.** निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **4×1=4**

**(i)** ''मंगन को देखि पट देत बार-बार है।'' इस पंक्ति में निहित अलंकार है-

(a) उत्प्रेक्षा

(b) अतिशयोक्ति

(c) मानवीकरण

(d) श्लेष

**(ii)** ''सो जनु हमरेहि माथें काढ़ा। दिन चलि गए ब्याज बड़ बाढ़ा।''
इस चौपाई में प्रयुक्त अलंकार है -

(a) उत्प्रेक्षा

(b) अतिशयोक्ति

(c) मानवीकरण

(d) श्लेष

**(iii)** ''जिसके अरुण - कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।'' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

(a) श्लेष

(b) मानवीकरण

(c) उत्प्रेक्षा

(d) अतिशयोक्ति

**(iv)** ''पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश।'' इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है -

(a) अतिशयोक्ति

(b) श्लेष

(c) उत्प्रेक्षा

(d) मानवीकरण

**(v)** ''हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग
लंका सिगरी जल गई गए निसाचर भाग''
इस दोहे में निहित अलंकार है-

(a) श्लेष

(b) अतिशयोक्ति

(c) उत्प्रेक्षा

(d) मानवीकरण

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए - **5×1=5**

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देश-भक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है।

दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है।

**(i)** जीप के आगे बढ़ने पर भी हालदार साहब का मूर्ति के बारे में सोचते रहने का कारण था-

(a) देशप्रेम की भावना

(b) कस्बे में लगी मूर्ति का सौंदर्य

(c) मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा न होना

(d) मूर्ति का रख-रखाव न होना

(ii) हालदार साहब ने नागरिकों के प्रयास को बताया –
(a) उदारवादी
(b) अकल्पनीय
(c) प्रशंसनीय
(d) बचकाना

(iii) "दूसरी बार जब हालदार साहब **उधर** से गुज़रे" इस वाक्य में 'उधर' शब्द किसके लिए संकेत है?
(a) कस्बे के लिए
(b) चौराहे के लिए
(c) नगरपालिका के लिए
(d) उत्साही लेखक के लिए

(iv) उन्होंने मूर्ति में क्या अंतर देखा?
(a) मूर्ति ने कपड़े पहने हैं
(b) मूर्ति ने शाल ओढ़ी है
(c) मूर्ति पर चश्मा बदल गया है
(d) मूर्ति को पेंट कर दिया है

(v) हालदार साहब जीप से कहाँ जाते थे?
(a) कस्बे में लगी मूर्ति देखने
(b) अपनी फैक्टरी का काम देखने
(c) अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने
(d) कंपनी के काम से कस्बे से आगे

**8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – **2×1=2**

(i) किस घटना के आधार पर कहा जा सकता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे?
(a) जवान बेटे की मृत्यु पर पद गा रहे थे
(b) हर वर्ष गंगा स्नान के लिए जाते
(c) अपनी खेती-बाड़ी स्वयं करते
(d) बेटे का क्रिया-कर्म बहू से करवाया

(ii) शहनाई और डुमराँव एक-दूसरे के लिए उपयोगी क्यों हैं?
(a) डुमराँव में उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का जन्म हुआ
(b) इनके परदादा उस्ताद सलार हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे
(c) रीड की नरकट डुमराँव में सोन नदी-किनारे पाई जाती है
(d) बिहार के संगीत प्रेमी परिवार डुमराँव में रहते थे

**9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए – **5×1=5**

या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था
तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

**(i)** मुख्य गायक अपने ही सरगम को किस कारण लाँघ जाता है?
 (a) गाने की रौ में भटकने के कारण
 (b) संगतकार द्वारा साथ देने के कारण
 (c) संगतकार द्वारा साथ न देने के कारण
 (d) संगतकार नौसिखिया था

**(ii)** मुख्य गायक कहाँ भटक जाता है?
 (a) समुद्र के भँवरजाल में
 (b) बचपन की स्मृतियों में
 (c) तबले की ताल में
 (d) शोर–गूँज के भँवरजाल में

**(iii)** मुख्य गायक के भटकने पर संगतकार उसकी सहायता कैसे करता है?
 (a) उसका सामान उठाकर
 (b) उसका हाथ पकड़कर
 (c) स्थायी को सँभालकर
 (d) बचपन की याद दिलाकर

**(iv)** ''जब **वह** नौसिखिया था'' – इस वाक्य में 'वह' किसके लिए आया है?
 (a) संगतकार
 (b) मुख्य गायक
 (c) संयोजक
 (d) बाँसुरी वादक

**(v)** 'तारसप्तक' में जब बैठने लगता है उसका गला। यहाँ 'तारसप्तक' से क्या अभिप्राय है?

(a) धीमा स्वर

(b) शुद्ध स्वर

(c) दुगुना धीमा स्वर

(d) दुगुना ऊँचा स्वर

**10.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – **2×1=2**

**(i)** गोपियाँ उद्धव को भाग्यवान मानती हैं क्योंकि –

(a) गोपियाँ श्रीकृष्ण के प्रेम में लिप्त हैं, फिर भी विरह वेदना झेल रही हैं।

(b) उद्धव श्रीकृष्ण के प्रेम-बंधन से मुक्त और अलिप्त होने के कारण विरह वेदना से भी मुक्त हैं।

(c) उद्धव को मथुरा में श्रीकृष्ण का सान्निध्य हर समय प्राप्त है।

(d) उद्धव ने बड़ी-बड़ी पोथियाँ पढ़कर ज्ञान अर्जित किया है।

**(ii)** परशुराम के क्रोधित होने का कारण था –

(a) सीता स्वयंवर में राम-लक्ष्मण का पहुँचना

(b) लक्ष्मण द्वारा उनके गुरु, शिव का धनुष तोड़ना

(c) राम-लक्ष्मण द्वारा उनके प्रश्नों का जवाब न देना

(d) राम द्वारा शिव-धनुष का भंग करना

## खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – **3×2=6**

**क.** भदंत आनंद कौसल्यायन के अनुसार 'संस्कृति' से क्या अभिप्राय है?

**ख.** 'नवाब साहब ने खीरे बाहर फेंक दिए'– आपकी दृष्टि में उनका यह व्यवहार कहाँ तक उचित है?

**ग.** हम कैसे कह सकते हैं कि मन्नू भण्डारी के पिता बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे?

**घ.** भारत रत्न बिस्मिल्ला खाँ पर 'सादा जीवन उच्च विचार' वाली कहावत चरितार्थ होती है, कैसे ?

**12.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – **3×2=6**

**क.** 'आत्मकथ्य' से उद्धृत निम्नलिखित काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए –
"उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।"

**ख.** 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने फागुन मास के सौंदर्य को किस प्रकार चित्रित किया है?

**ग.** ''धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात .......
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात''
'तुम्हारी ये दंतुरित मुस्कान' से ली गई उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त बिंब को स्पष्ट कीजिए।

**घ.** ''मिट्टी के गुण-धर्म को सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है?'' 'फसल' कविता के आधार पर लिखिए।

**13.** पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - **2×4=8**

**क.** 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की दिनचर्या आजकल के बच्चों की दिनचर्या से भिन्न है, कैसे ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**ख.** 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि प्राकृतिक जल संचय की व्यवस्था को कैसे सुधारा जा सकता है? इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर टिप्पणी कीजिए।

**ग.** 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आपके विचार से विज्ञान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है और उससे कैसे बचा जा सकता है?

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए - **6**

**क.** आज़ादी का अमृत महोत्सव
- शुरुआत कब और कहाँ
- विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम
- नए संकल्प
- भारत की पहचान

**ख.** ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग
- ऑनलाइन खरीददारी से अभिप्राय
- बदलते समय की आवश्यकता
- खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता
- खरीददारी के समय सावधानियाँ

**ग.** मधुर वचन हैं औषधि
- शांति देने वाले
- उदाहरण (प्रकृति और आस-पास से)
- भाईचारा और प्रेम
- व्यक्तित्व में निखार

**15.** **(क)** आप तनुज/तनुजा हैं। विद्यालय के पुस्तकालय में छात्रों को समसामयिक विषयों पर पुस्तकों का अभाव खटकता है। प्रधानाचार्य जी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर इस विषय से संबंधित पुस्तकें मँगवाने के लिए निवेदन कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** आप विभू / विभूति हैं। अपने मित्र तेजस्विन शंकर को राष्ट्रमंडल खेल में ऊँची कूद के लिए पदक जीतने पर लगभग 100 शब्दों में बधाई-पत्र लिखिए। **5**

**16.** **(क)** आपका नाम दिव्य / दिव्या है। आपने इसी वर्ष बी.कॉम. की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। अपनी शैक्षणिक योग्यताओं और रुचि का वर्णन करते हुए रेलवे बोर्ड में कार्यालय सहायक के रिक्त पद के लिए एक संक्षिप्त स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** ई-मेल द्वारा किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 शब्दों में सूचित कीजिए कि आपके निवास स्थान के आसपास अधिक वर्षा के कारण बाढ़ का-सा माहौल बन गया है। जल-भराव से मुक्ति के लिए तुरंत सहायता अपेक्षित है। **5**

**17.** **(क)** आपके पिताजी ने पाठ्यपुस्तकों की दुकान खोली है, उसके प्रचार के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** ईद पर अपने मित्र को लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश भेजिए। **4**